राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13, अंक : 83, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 09 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

तीसरी पुण्यतिथि पर भारतीय राजनीति के दैदिप्यमान नक्षत्र पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान .... पेज 03

जौनपुर : पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर बालक की मौत, दो घायल .... पेज 05

राहुल और विराट की अर्धशतकीय पारी,भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से .... पेज 07

पूजा-अर्चना



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बद्रीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# साल में दो बार बोर्ड एग्जाम देना जरूरी नहीं : प्रधान

### 10वीं-12वीं के स्टूडेंट्स को तय करना है- दोनों बार दें या एक बार

10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम साल में दो बार होंगे, लेकिन स्टूडेंट्स को दोनों बार एग्जाम देना जरूरी नहीं होगा। यह बात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने न्यूज एजेंसी से कही। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स खुद ये तय करेंगे कि उन्हें बोर्ड एग्जाम एक बार देना है या दो बार।

ये व्यवस्था बच्चों की सुविधा के लिए लाई गई है। अगर कोई स्टूडेंट दोनों बार एग्जाम देता है तो दोनों एग्जाम में से उसका बेस्ट रिजल्ट स्कोर किया जाएगा। इससे स्टूडेंट्स को एग्जाम देने के लिए एक ही साल में दो मौके मिलेंगे। वहीं, अगर कोई स्टूडेंट अपनी परफॉर्मेंस को लेकर कॉन्फिडेंट है तो सिर्फ एक बार एग्जाम दे सकता है।

#### एग्जामिनेशन सिस्टम में बदलाव के लिए तैयार किया गया है फ्रेमवर्क

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल में दो बार बोर्ड कराने का फैसला स्टूडेंट्स में तनाव और डर कम करने को लेकर लिया गया है। इस साल अगस्त में



शिक्षा मंत्रालय ने न्यू करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत साल में दो बार बोर्ड एग्जाम कंडक्ट कराने की घोषणा की थी। ये फ्रेमवर्क एग्जामिनेशन सिस्टम में बदलाव करने और स्टूडेंट्स के एग्जाम को सिलेबस बेस्ड रखने के लिए लाया गया है। इस पर बात करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनसीएफ 2023 के लागू होने के बाद उन्होंने कई छात्रों से इंटरैक्ट किया है और स्टूडेंट्स इस पॉलिसी से खुश हैं। हम कोशिश करेंगे कि 2024 से ही साल में दो बार बोर्ड एग्जाम करा सकें।

#### बच्चों को स्ट्रेस-फ्री माहौल देना हमारी जिम्मेदारी

शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा- अक्सर 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स अपने बोर्ड्स के रिजल्ट को लेकर निराश हो जाते हैं। इस व्यवस्था से ऐसे स्टूडेंट्स को दूसरा मौका मिल जाएगा जो किसी वजह से अच्छा स्कोर न कर पाए हों। ये अल्टरनेट सिस्टम हम सिर्फ बच्चों का तनाव कम करने के लिए लेकर आए हैं। प्रधान ने कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के बढ़ते मामलों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ये चिंता का विषय है और इस तरह हमारे बच्चों की जान नहीं जानी चाहिए। ये हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे बच्चे स्ट्रेस-फ्री माहौल में पढ़ाई कर सकें। इस साल कोटा में अब तक 27 बच्चे खुदकुशी कर चुके हैं।

# लद्दाख-कारगिल काउंसिल चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 12 सीटें जीतीं

### कांग्रेस को 9 और बीजेपी को 2 सीटें मिलीं; 26 सीटों पर इलेक्शन हुआ था

लद्दाख। कारगिल में हुए लद्दाख आटोनोमस हिल डेवलेपमेंट काउंसिल चुनावों के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। अब तक 25 सीटों पर नतीजे घोषित हो चुके हैं, 1 सीट पर काउंटिंग जारी है।

ताजा अपडेट के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस को 12 सीटों पर जीत हासिल हुई है। कांग्रेस ने 9 सीटें जीती हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ा। इस गठबंधन ने अब तक 21 सीटें जीत ली हैं। उधर, भाजपा ने 2 सीटें जीती हैं और 2 सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में गई हैं। 30 सदस्यीय काउंसिल की 26 सीटों पर 4 अक्टूबर को चुनाव हुए थे।



आर्टिकल 370 के निरस्त होने के बाद अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अलग होकर केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख के कारगिल में पहला स्थानीय चुनाव है। नई परिषद 11 अक्टूबर से पहले गठित होने वाली है।

#### 4 अक्टूबर को हुई वोटिंग में 77.62 प्रतिशत मतदान हुआ

4 अक्टूबर को हुई वोटिंग में 77.62 प्रतिशत मतदान हुआ। 25 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 85 उम्मीदवार मैदान में हैं। परिषद चुनावों में, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने चुनाव पूर्व गठबंधन बनाया। हालाँकि, एनसी ने 17 उम्मीदवार उतारे थे जबकि कांग्रेस ने 22 उम्मीदवार उतारे थे। कारगिल डिवीजन नेशनल कांफ्रेंस का गढ़ रहा है और कांग्रेस विपक्ष के रूप में बनी हुई है।

चुनाव पूर्व गठबंधन उन क्षेत्रों तक ही सीमित है जहां भारतीय जनता पार्टी के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। अनुच्छेद 370 को खत्म करने और पूर्व राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के बाद लद्दाख परिषद चुनावों को भाजपा के लिए लिटमस टेस्ट के रूप में देखा जा रहा है।

## नीतीश ने बिहार में डूबने से 22 लोगों की मौत पर जताया शोक

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले चौबीस घंटे में डूबने से भोजपुर में पांच, जहानाबाद में चार, पटना और रोहतास में तीन तीन, दरभंगा और नवादा में दो दो तथा मधेपुरा, कैमूर और औरंगाबाद में एक एक व्यक्ति की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कुमार ने रविवार को अपने शोक संदेश में कहा कि दु:ख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने के निर्देश दिये हैं।

# उत्तराखंड : वाहन पर गिरी चट्टान, 8 लोगों की मौत


### दुर्घटना लामारी एसएसबी कैम्प और बूंदी के बीच हुई

नैनीताल। भारत-चीन सीमा के पास उत्तराखंड में एक भीषण दुर्घटना की खबर है। रविवार दोपहर में एक वाहन पर एक विशालकाय चट्टान गिर गयी जिससे 8 लोगों की दर्दनाक हो गई मौत है।

इनमें तीन बच्चे भी बताये जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना लामारी एसएसबी कैम्प और बूंदी के बीच हुई है। बताया जा रहा है कि एक वाहन धारचूला से सामान लेकर ज्योलिंकोंग गया था। वापस लौटते वक्त इस वाहन पर एक विशालकाय चट्टान गिर गयी। वाहन में 8 लोग सवार थे। इनमें तीन बच्चे शामिल हैं। ये सभी धारचूला लौट रहे थे।

चट्टान इतनी विशालकाय है कि शव और वाहन पूरी तरह से तहस नहस हो गये हैं। मौके पर सिर्फ कपड़े शेष बचे हैं। यह भी पता चला है कि चट्टान इतनी विशालकाय है कि जेसीबी भी इसे हिलाने में नाकाम है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ मौके पर है।

स्थिति इतनी भयावह है कि शवों का शिनाख्त होना भी संभव नहीं है।





#### नैनीताल घूमने आये पर्यटकों का वाहन खाई में गिरा, 36 घायल

हरियाणा हिसार से नैनीताल घूमने आये पर्यटकों का वाहन खाई में गिरने से लगभग 36 पर्यटक घायल हो गये हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) एवं पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा के अनुसार हरियाणा से नैनीताल घूमने आये पर्यटकों का वाहन वापस लौटते वक्त शाम को नैनीताल-कालाढूंगी रोड पर नलिनी के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरा। वाहन में 32 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, मल्लीताल और कालाढूंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। 18 घायलों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। खबर लिखे जाने तक मौके पर राहत और बचाव कार्य झारी था। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

हालंकि पुलिस मृतकों के शवों को शिनाख्त करने में जुटी है।

धारचूला के पुलिस क्षेत्राधिकारी परवेज अली ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भीषण दुर्घटना घटी है। उन्होंने बताया हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहारा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों राहत बचाव के निर्देश दिए है।

# बाल यौन शोषण सामग्री पर यूट्यूब और टेलीग्राम की सख्ती

### 94 हजार चैनल और 25 लाख वीडियो को हटाया

नई दिल्ली। यूट्यूब और टेलीग्राम ने शनिवार को आइटी मंत्रालय के बाल यौन शोषण सामग्री को लेकर भेजे गए नोटिस का जवाब दिया है। इसमें कहा गया है कि बाल यौन शोषण सामग्री को लेकर उनकी जीरो टालरेंस नीति है। यूट्यूब के एक प्रवक्ता ने कहा कि नाबालिगों को खतरे में डालने वाली कोई भी सामग्री उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने का कि हमने आनलाइन बाल यौन शोषण को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी और टीमों पर भारी निवेश किया है। जितनी जल्दी हो सके इसे हटाने के लिए कदम उठाए जाते हैं। 2023 की दूसरी तिमाही में हमने बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी नीतियों के उल्लंघन के लिए 94,000 से अधिक चैनल और 25 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए हैं।

# सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकार मेडिकल स्टूडेंट ने जान दी



### सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी अप्पा; 3 प्रोफेसर्स और सीनियर्स पर आरोप

कन्याकुमारी। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक मेडिकल स्टूडेंट ने हॉस्टल में सुसाइड कर लिया। घटना 6 अक्टूबर की है। पुलिस ने 8 अक्टूबर रविवार को बताया कि लड़की के कमरे से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें छात्रा ने अपने प्रोफेसर्स, सीनियर्स पर सेक्शुअल हैरेसमेंट और मेंटल एब्यूज करने का आरोप लगाया है। नोट में स्टूडेंट ने मौत की वजह के नीचे तीन नाम लिखे। उसके आगे छात्रा ने यह भी बताया है कि इन लोगों ने उसे कैसे प्रताड़ित किया।

1. डॉ. परमाशिवन - सेक्शुअल हैरेसमेंट, फिजिकल-मेंटल एब्यूज
2. डॉ. हरीश, सीनियर टॉक्सिसिटी, मेंटल एब्यूज
3. डॉ. प्रीति, सीनियर टॉक्सिसिटी

सुसाइड नोट में स्टूडेंट ने लिखा- सॉरी अप्पा, मैं आपसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं। नोट में छात्रा ने हरे रंग के मारकर से एक लाइन लिखी है- उदास लोग भी खुश हो सकते हैं, दयावान बनें। लोगों की आलोचना न करें और उनके लिए मौजूद रहें। स्टूडेंट तमिलनाडु के श्री मुकाम्बिका इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पोस्ट ग्रेजुएशन के सेकेंड ईयर में थी। उसका सुसाइड नोट अब वायरल हो रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, स्टूडेंट ने नोट में जिन लोगों का जिक्र किया है, उनसे बीते दो दिनों से से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# सिक्किम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 हुई, 81 लोग अभी भी लापता

गंगटोक। सिक्किम में पिछले दिनों आई अचानक बाढ़ में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 30 हो गई, जबकि 81 लोग अभी तक लापता हैं।

यह जानकारी राज्य सरकार ने दी। उत्तरी सिक्किम में लोनक झील में बादल फटने से चार अक्टूबर को तीस्ता नदी बेसिन में अचानक बाढ़ आ गई थी, जिसके कारण यह त्रासदी हुई।

इस बीच, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सीमा सड़क संगठन, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, य सेना और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन के



अधिकारियों के साथ ताशिलिंग सचिवालय में एक आपातकालीन समीक्षा बैठक की।

सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, लगभग 1320 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और शनिवार शाम तक 2563 लोगों को बचाया गया। बचाए गए लोगों में से 26 लोग गंभीर रूप से घायल थे जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किया गया। यह त्रादसी चार अक्टूबर को सुबह छह बजे हुई, जिसमें तीस्ता-वी पनबिजली स्टेशन के नीचे की ओर 13 पुल बह गए, जो जलमग्न हो गए थे, जिसके कारण संचार बाधित हो गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही है और राज्य के लिए सभी आवश्यक समर्थन और सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नुकसान का आकलन और बचाव एवं राहत कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री पी एस तमांग के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## अमृतसर में 42 करोड़ की ड्रग बरामद

अमृतसर। भारत-पाक सरहद पर पहरा दे रही बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने पाकिस्तान तस्करों की ड्रग पहुंचाने की एक और कोशिश को नाकामयाब कर दिया है। बीएसएफ ने सरहद पार से आए एक ड्रोन को जब्त किया है। ड्रोन पर बंधी 42 करोड़ रुपए की हेरोइन व अफीम भी कब्जे में ली गई है। फिलहाल ड्रोन को फोरेंसिक जांच में भेज दिया गया है। बीएसएफ अधिकारियों की तरफ से सांझा की गई जानकारी के अनुसार यह ड्रोन अमृतसर के सरहदी गांव हरदो रत्न से जब्त किया गया है। बीएसएफ की तरफ से सरहद पर नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान में यह सफलता मिली। बीएसएफ को ड्रोन के भारतीय सरहद में आने की सूचना मिली थी।

# पानीपत में केमिकल में गिरने से 3 की मौत

### फैक्ट्री के 3 मालिकों पर एफआईआर दर्ज; सैलरी बढ़ोतरी मांग की रंजिश में की वारदात

पानीपत। हरियाणा के पानीपत जिले में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। जहां गांव जलालपुर में कंबल की इंडस्ट्री में बने केमिकल से भरे CTPT गड्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में 3 व्यक्ति गिर गए और तीनों की मौत हो गई। मामले को लेकर मृतकों के परिजनों ने शुरुआत से ही हंगामा किया।

पहले फैक्ट्री में और फिर सिविल अस्पताल में चले हंगामे के बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों के बयानों के आधार पर फैक्ट्री के 3 मालिक नवीन, विष्णु और सौरभ पर आईपीसी की धारा 302, 323 व 34 के तहत केस दर्ज कर लिया है।



#### परिजनों ने सीआईडी कर्मियों को पीटा

सिविल अस्पताल में आरोपियों पर केस दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिनभर हंगामा रहा। इसी बीच मौके पर CID कर्मी EASI अनुराग और EHC प्रवीन सैनी भी पहुंचे। लोगों की भीड़ ने दोनों को फैक्ट्री मालिक की ओर से आने के बारे में समझ कर उनके साथ तू-तड़ाक शुरू कर दी।


हालांकि उन्होंने बताने की कोशिश भी की कि वे मुलाजिम हैं, लेकिन भीड़ ने उनकी एक न सुनी। उनके साथ वहीं पर हाथापाई कर दी। आलम ये रहा कि दोनों को मौके से भाग कर खुद को बचाना पड़ा। हालांकि कर्मचारियों ने इसकी कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी है। 7 अक्टूबर को वह फैक्ट्री में काम पर गए थे। रात करीब 12 बजे तक जब वह काम से घर वापस न आए तो परिजनों ने फोन किया। जिस दौरान उनका फोन स्विच ऑफ मिला। जब घर वालों ने उन्हें ढूंढने फैक्ट्री गए तो गार्ड ने बताया कि वह दोनों काफी समय पहले जा चुके हैं और गेट नहीं खोला। बाद में पता लगा कि उनकी लाशे फैक्ट्री के पानी के होद से निकाली गई। जिन्हें रंजिश के चलते उपरोक्त फैक्ट्री के मालिकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक सुरेश नाम समेत हत्याएं कर उनके शवों को खुर्द-बुर्द करने की कोशिश की गई।

आग का कहर

### गाड़ी से पेटियां उतारते समय आग लगी; पुलिस ने दुकानदार को हिरासत में लिया

# बेंगलुरु में पटाखा दुकान में आग, अब तक 14 मौतें

बेंगलुरु। बेंगलुरु के अनेकल तालुक के अट्टीबेले में शनिवार 7 अक्टूबर को पटाखा दुकान में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। हादसे में घायल 2 लोगों की मौत इलाज के दौरान रविवार सुबह हुई। पुलिस ने शुरुआत में बताया था कि दुकान मालिक समेत चार लोगों को मामूली चोटें आईं। हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। बताया जा रहा है कि पटाखे दशहरा-दीवाली के लिए स्टोर हो रहे थे। गाड़ी से पेटियां उतारते समय उनमें आग लग गई। पुलिस ने रविवार को दुकान के मालिक को हिरासत में ले लिया। छ्त्रक्क ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता



लगाया जा रहा है। इसके पीछे जो भी लोग जिम्मेदार होंगे उन्हें सजा दिलाई जाएगी। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया रविवार दोपहर को घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभी मेरे पास पूरी जानकारी नहीं है। हमें ये जांच करने की जरूरत है कि दुकान के पास जरूरी लाइसेंस और सुरक्षा के साधन थे या नहीं। पूरी जांच के बाद दुकान के मालिक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

#### गोदा में हादसे के वक्त 35 लोग मौजूद थे

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कैंटर गाड़ी से पटाखे की पेटियां उतारते समय बालाजी क्रैकर्स की दुकान में आग लगी। देखते ही देखते आग ने दुकान और गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय वहां 35 लोग काम कर रहे थे। ज्यादातर पीड़ित धर्मपुरी जिले के अम्मलपेट्टई, तिरुपत्तूर के वानियमबाड़ी और पड़ोसी तमिलनाडु के कल्लाकुरिची के रहने वाले हैं।

#### नवरात्रि-दीवाली के लिए पटाखे स्टोर कर रहा था मालिक

पुलिस अधीक्षक (बेंगलुरु ग्रामीण) मल्लिकार्जुन बालादंडी ने कहा कि जब आग लगी तो कुछ कर्मचारी दुकान के अंदर काम कर रहे थे। दुकान मालिक नवरात्रि और दीपावली के मद्देनजर पटाखों को स्टोर कर रहा था। आग से आस-पास खड़ी कई गाड़ियां भी जल गईं। घायलों में गोदाम मालिक भी शामिल है। दुकान मालिक और उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मैं कल दुर्घटनास्थल पर जाऊंगा और इसका निरीक्षण करूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख और साधारण घायलों को 50 हजार का मुआवजा देने की घोषणा की है।

# दरभंगा : ट्रेन से कटकर एक ही परिवार की दो महिला और दो बच्चों की मौत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले में समस्तीपुर रेल मंडल के समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड पर दोनार चौक के निकट आज रेल फाटक से ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर एक ही परिवार की दो महिला और दो बच्चों की मौत हो गई।

सदर थाना के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने रविवार को यहां बताया कि आज सुबह दरभंगा के दोनार रेलवे गुमटी पर बड़ा हादसा हुआ है, जहां कोलकाता से दरभंगा आ रही कोकलता-जयनगर एक्सप्रेस के चपेट में आने से शहजादी खातून (65) एवं रौशन खातून (55) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायल बच्चों को स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में भर्ती कराया लेकिन आज शाम इलाज के दौरान घायल बच्चों की भी मौत हो गई। सिंह ने बताया कि मृत बच्चे आफसा परवीन (05) और मो. सैफ (03) हैं। सभी मृतक दरभंगा जिला के सकतपुर थाना क्षेत्र के बहीका गांव की रहने वाले थे। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। ये सभी आज अस्पताल में भर्ती अपने परिजन को देख कर घर वापस जाने के क्रम में दोनार में बस पकड़ने आए थे और रेल फाटक पार कर बस स्टैंड जा रहे थे इसी दौरान यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है।

## इटली और फ्रांस की चार दिन की यात्रा पर जायेंगे राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से इटली और फ्रांस की चार दिन की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में रक्षा मंत्री का रोम में इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रिसेटो से मिलने का कार्यक्रम है। गत मार्च में इतालवी प्रधान मंत्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया गया था। दूसरे और अंतिम चरण में श्री सिंह पेरिस में अपने समकक्ष सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे। भारत और फ्रांस ने हाल ही में रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किये हैं।

नई दिल्ली
सोमवार 09 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### दरभंगा : ट्रेन से कटकर एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत, दो बच्चे घायल

दरभंगा । बिहार के दरभंगा जिले में समस्तीपुर रेल मंडल के समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड पर दोनार चौक के निकट रेल फाटक से ट्रैक पार कर रही एक ही परिवार की दो महिलाओं की ट्रेन से कटकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। राजकीय रेल थाना के थाना अध्यक्ष ने रविवार को बताया कि आज सुबह दरभंगा के दोनार रेलवे गुमटी पर बड़ा हादसा हुआ है, जहां कोलकाता से दरभंगा आ रही कोकलता-जयनगर एक्सप्रेस के चपेट में आने से शहजादी खातून (65) एवं रौशन खातून (55) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया हैं। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भी डीएमसीएच भेजा गया है। मृतका दरभंगा जिला के सकतपुर थाना क्षेत्र के बहीका गांव की रहने वाली थी। सभी एक ही परिवार से हैं।

### नालंदा : बी फार्मा के छात्र की गोली मारकर हत्या, दो किशोर गिरफ्तार

राजगीर । बिहार के नालंदा जिले में नालंदा थाना क्षेत्र के सबैत गांव में आज एक छात्र की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो किशोर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। राजगीर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रदीप कुमार ने रविवार को बताया कि आज सूचना मिली कि बाइक सवार दो लोग सबैत गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या करने के बाद मौके से भाग रहे हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर नालंदा थाना पुलिस ने पीछा कर दो किशोर को गिरफ्तार कर लिया। कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान मो. अल्माज के रूप में हुई है और वह सबैत गांव का ही रहने वाला था। वह राजगीर में बी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। घटनास्थल से एक देसी पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में तनवीर मलिक (16) और अब्दुल अहमद (15) शामिल है। दोनों सबैत गांव के ही रहने वाले हैं। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आज नहीं जागे तो सब कुछ लूट जाएगा

रांची। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने आज राज्य के चौपारण ब्लॉक मैदान में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया । संजय मेहता के नेतृत्व में आयोजित इस सभा में हज़ारों की संख्या में लोग जुटे। सभी ने झारखंडी हक अधिकारों की आवाज बुलंद की। पिछले 45 दिनों से सभा की तैयारी कर रहे संजय मेहता एवं उनकी टीम का प्रयास रंग लाया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि झारखंड एक मुश्किल दौर में है। दो दशकों के बाद भी झारखंड में झारखंडियों के लिए नीतियाँ नहीं बन पायी है। आज तक स्थानीय नीति खतियान आधारित नहीं बन पायी है। नियोजन नीति भी अब तक नहीं बन पायी है। झारखंड की जमीनों को लूटा जा रहा है। 60-40 नियोजन नीति झारखंडी जनमानस को स्वीकार्य नहीं है। पुनर्वास की भी नीति नहीं बन पायी है। जमीनों की लूट अत्यंत चरम पर है। ऐसे में सभी झारखंड वासियों को एकजुट होकर यह लड़ाई लड़नी होगी। नहीं तो सबकुछ लूट जाएगा। हमारे ऊपर चारो तरफ से हमला है। आज नहीं जागे तो हमारी पीढ़ियाँ बर्बाद हो जाएगी। हमारे बाल - बच्चे बेघर हो जाएंगे। अगली पीढ़ी बहुत मुश्किल में चली जाएगी।

### जातियों के वर्गीकरण में हुआ भेदभाव, निराकरण आयोग बनाये सरकार : सुशील

पटना। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आज कहा कि बिहार के जातीय सर्वे में कुछ जातियों को कम और कुछ खास जातियों को उनकी उपजातियों को जोड़कर ज्यादा दिखाने जैसी कई गंभीर शिकायतें मिल रही हैं इसलिए इसके निराकरण और जातियों का नया वर्गीकरण करने के लिए सरकार को उच्च न्यायालय के किसी अवकाशप्रात न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित करना चाहिए। मोदी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि सर्वे में ग्वाला, अहीर, गोरा, घासी, मेहर, सदगोप जैसी दर्जन-भर यदुवंशी उपजातियों को एक जातीय कोड यादव देकर इनकी आबादी 14.26 फीसद दिखायी गई। उन्होंने कहा कि कुर्मी जाति की आबादी को भी घमैला, कुचैसा, अवधिया जैसी आधा दर्जन उपजातियों को जोड़कर 2.87 फीसद दिखाया गया। भाजपा सांसद ने कहा कि क्या यह संयोग है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की जाति को उपजातियों-सहित गिना गया, जबकि वैश्य, मल्लाह, बिंद जैसी जातियों को उपजातियों में खंडित कर इनकी आबादी इतनी कम दिखायी गई कि इन्हें अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास नहीं हो।

### हरदा की सभी ग्राम पंचायतों में बनेंगे नमो बहुउद्देश्यीय भवन: कमल पटेल

हरदा। मध्यप्रदेश के किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि हरदा जिले के सभी ग्रामवासियों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये नमो बहु-उद्देश्यीय भवनों की सौगात मिल रही है। पटेल हरदा कृषि उपज मण्डी में जिले की 220 ग्राम पंचायतों में 233 नमो बहु-उद्देश्यीय भवनों के भूमि-पूजन समारोह में संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को शादी-ब्याह सहित अन्य मांगलिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिये गाँव में टेंट इत्यादि के लिये अधिक राशि व्यय करना होती है। गाँव में ही सुविधा उपलब्ध कराने के लिये नमो बहु-उद्देश्यीय भवन बनाये जायेंगे। इसके लिये आज हरदा जिले की 220 ग्राम पंचायतों के विभिन्न गाँव में 233 भवनों का एक साथ भूमि-पूजन किया गया है। इससे ग्रामीणों को सामाजिक कार्यक्रम करने की सुविधा और अनावश्यक राशि व्यय करने से राहत मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि मेरे लिये गौरव की बात है कि हरदा जिला इस प्रकार की पहल कर एक नया कीर्तिमान बना रहा है।

### पीड़ित मानवता के लिए नि: शुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन अच्छी पहल है : शुक्ल

रीवा। मध्यप्रदेश के जनसम्पर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पीड़ित मानवता के लिए निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन एक अच्छी पहल है जो कैंसर पीड़ितों के लिए वरदान साबित होगी। शुक्ल भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा एवं नेशनल हॉस्पिटल के तत्वावधान में रीवा में आयोजित नि:शुल्क कैंसर जाँच शिविर में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हॉस्पिटल ने भोपाल कैंसर अस्पताल के चिकित्सकों के परामर्श से रीवा में कैंसर इलाज का जो अभियान शुरू किया है वह प्रशंसनीय है। आयुष्मान योजना से लिंक होने पर गरीब व्यक्ति को भी इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल में भी कैंसर इलाज के लिए नवीनतम तकनीक की मशीनें मंगाई जा रही हैं। रीवा में चिकित्सा के क्षेत्र में देश के अन्य बड़े अस्पताल भी अपना केन्द्र खोल रहे हैं, जिससे रीवा आने वाले दिनों में मेडिकल का हब बनेगा और यहाँ के मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दिग्विजय सनातन विरोधी मानसिकता के ब्रांड एंबेसडर

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर किए गए ट्वीट को लेकर उन पर हमला करते हुए आज कहा कि श्री सिंह सनातन विरोधी मानसिकता के ब्रांड एंबेसडर हैं। शर्मा यहां भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी को लेकर जिस प्रकार ट्वीट किया है, यह श्री सिंह की देश विरोधी के साथ सनातन विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि मोदी सुशासन के साथ काम कर हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि श्री सिंह जैसे लोग उनका विरोध कर अपनी हिन्दू विरोधी मानसिकता का प्रकटीकरण करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को रावण कहा था, जिसका गुजरात की जनता जवाब दे चुकी है।

# तेलंगाना में 100 बंदरों के शव मिले

## जहर देकर मारने का शक; सैंपल जांच के लिए हैदराबाद भेजे गए

हैदराबाद। तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले के एक गांव के बाहर करीब 100 बंदरों के शव पड़े मिले। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पशु चिकित्सा विभाग को दी।

धिकारियों ने बंदरों की मौत की वजह पता करने के लिए सैंपल जांच के लिए भेजे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों को जहर देकर मारा गया है और बाद में शव यहां फेंक दिए गए।



नवंबर 2020 में तेलंगाना के महबूबाबाद जिले में करीब 40 बंदरों को जहर देकर मार दिया गया था। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शनिगापुरम गांव के पास कई बंदरों के शव पड़े मिले, जो शव सड़ चुके थे। पुलिस ने बताया कि बंदरों को जहर देकर मार दिया गया और थैलों में भरकर फेंक दिया गया। इसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू की थी, लेकिन आज तक मामले में कोई जानकारी नहीं आ सकी।

### यूपी में 50 बंदरों की संदिग्ध मौत

यूपी के बहराइच में 6 अक्टूबर को 50 बंदरों के शवों का वीडियो वायरल हुआ। किसी ने इन बंदरों को मारकर वन चौकी के पास फेंक दिए। मामले की जानकारी मिलते ही वन अधिकारी ने एक कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए। डीएम ने भी केस की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई।

## तेलंगाना में 20 लाख रुपये की नकदी जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने 2000 और 500 रुपये नोट 20 लाख नकदी जब्त की है। एसआई एम महेश आईएस सदन पुलिस कर्मचारियों के साथ यहां शुक्रवार की शाम वाहनों की तलाशी ले रहे थे और इस दौरान उन्होंने एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। कार की तलाशी के दौरान एक थैला मिला जो नोटों से भरा था। जब नकदी के बारे में पूछताछ की गई, तो कार में सवार व्यक्तियों में से एक (विट्ठल), संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया। पुलिस के एक बयान में शनिवार को कहा गया कि वह नकदी के स्रोत के संबंध में उचित दस्तावेज या सबूत पेश करने में भी विफल रहा। इसके बाद, एसआई ने दो गवाहों को बुलाया, और उनकी उपस्थिति में कार में मौजूद व्यक्तियों की पहचान विट्ठल, नागराजू, श्रीकांत रेड्डी और वेंकटेश के रूप में की गयी। पैसे के स्वामित्व का दावा करने वाले विट्ठल ने कहा कि नागराजू और श्रीकांत रेड्डी 101 एकड़ रियल एस्टेट के कर्मचारी थे और वेंकटेश एक उबर ड्राइवर था। विट्ठल ने बताया कि उनका इरादा उबर के माध्यम से कुकटपल्ली से एलबी नगर तक यात्रा करते हुए 101 एकड़ रियल एस्टेट कंपनी के माध्यम से एक प्लॉट खरीदने के लिए नकदी का उपयोग करने का था। बयान में कहा गया है कि आगे की जांच जारी है।

## चार बंगलादेशी, भारतीय एजेंट घुसपैठ के आरोप में जेल पहुंचे

अगरतला। दक्षिण त्रिपुरा की एक स्थानीय अदालत ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में चार बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।

बंगलादेशी नागरिकों को सीमा पार करने में सहायता करने के लिए शनिवार को एक भारतीय एजेंट को भी बेलोनिया में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को कहा कि पकड़े गए बंगलादेशी नागरिक बेलोनिया के हृष्यामुख में आशीष मजूमदार के घर पर रूके हुए थे। बेलोनिया के मोथाई इलाके की सीमा पर तैनात 109वीं बटालियन के बीएसएफ जवानों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मजूमदार के घर पर छापा मारा और दो महिलाओं सहित चार बंगलादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। बेलोनिया के पुलिस सूत्रों ने कहा कि उन्होंने पासपोर्ट अधिनियम के अंतर्गत सभी चार बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है और आईपीसी की धारा 370 के अंतर्गत आशीष मजूमदार को भी गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच से पता चला है कि सभी गिरफ्तार बंगलादेशी नागरिक भारतीय एजेंट आशीष मजूमदार की सहायता से बिना किसी वैध दस्तावेज के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे और वे गुजरात के सूरत शहर जाने वाले थे।

### किशानगढ रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर एवं दो लिफ्टों के लिए 6.20 करोड स्वीकृत


अजमेर। राजस्थान में अजमेर संसदीय क्षेत्र के किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर 6.20 करोड की लागत से स्वीकृत 4 एस्केलेटर तथा 2 लिफ्टों को स्थापित करने का रास्ता खुल गया है। अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के अथक प्रयासों से 4 एस्केलेटर एवं 2 लिफ्ट की स्थापना कार्य की स्वीकृति गत अप्रैल माह में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देशों से रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दी गई। रेलवे स्टेशन पर सोमवार 09 अक्टूबर 2023 को दोपहर 3:00 बजे रेलवे द्वारा आयोज्य समारोह में सांसद श्री चौधरी द्वारा शिलान्यास कर कार्य प्रारम्भ होने जा रहा हैं।

## संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीन मुद्दे को हल करने में विफल : फारूक

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष व सांसद फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को अफसोस जताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र (संरा) दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे को हल करने में विफल रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, युद्ध किसी भी पहलू में बुरा है और इससे लोगों को नुकसान ही होता है। यह सोचने की बात है कि संघर्ष के दौरान कितने इजरायली मारे गए और कितने निर्दोष फिलिस्तीनी मारे गए।

अब्दुल्ला ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से



संयुक्त राष्ट्र दशकों से लंबित फिलिस्तीन मुद्दे को हल करने में विफल रहा है और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि युद्ध किसी भी चीज का समाधान नहीं है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनिया को इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के प्रति जागृत होने के लिए ऐसी मौत और विनाश की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि साल-दर-साल खामोशी कायम रखी जाती है क्योंकि निर्दोष फिलिस्तीनियों की हत्या कर दी जाती है और उनके घरों को नष्ट कर दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि फ़िलिस्तीन समस्या का समाधान करें ताकि शांति बनी रहे।

## तृणमूल नेता फिरहाद हकीम, मदन मित्रा के घर पर सीबीआई के छापे

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को दक्षिण कोलकाता में पश्चिम बंगाल के मंत्री और शहर के मेयर फिरहाद हकीम तथा राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक मदन मित्रा के घरों की तलाशी शुरू की।

आधिकारिक सूत्रों ने इस खबर ही पुष्टि की। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों द्वारा शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री हकीम के चेतला स्थित घर और श्री मित्रा के भवानीपुर स्थित आवास पर तलाशी ली जा रही है।

संघीय जांच एजेंसी राज्य भर के नागरिक निकायों में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं के संबंध में श्री हकीम के घर पर छापेमारी कर रही है।

यह आरोप लगाया गया था कि नौकरियां नकदी के बदले प्रदान की गईं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विभिन्न नगर पालिकाओं में नकद घोटाले के लिए कथित नौकरियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया है।

केंद्रीय जांच एजेंसियों ने हाल ही में विभिन्न नगर पालिकाओं की भी तलाशी ली, जो जांच के दायरे में हैं। हकीम राज्य विधानसभा में कोलकाता पोर्ट निर्वाचन क्षेत्र और कोलकाता नगर निगम में वार्ड संख्या 82 का प्रतिनिधित्व करते हैं।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ) के जवानों ने घर को घेर लिया और अन्य लोगों को अंदर जाने से रोक दिया, जबकि सीबीआई अधिकारियों ने एक-एक कमरे की तलाशी ली।

हकीम की बेटी प्रियदर्शनी हकीम को केंद्रीय बलों ने घर में प्रवेश करने से रोक दिया था, लेकिन सीबीआई अधिकारियों द्वारा उन्हें पहचानने के बाद उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। उन्हें तीन घरेलू सहायकों के साथ अंदर जाने की अनुमति दी गई है।

### सारण : ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आज एक अनियंत्रित ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि डोरीगंज थाना क्षेत्र के चिरांद गांव निवासी नवल मिस्त्री का पुत्र पिंटू कुमार (25) अपनी मोटरसाइकिल से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदलपुरा गांव आ रहा था, जहां अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में उक्त युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया है। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

## हल्द्वानी में दो चोरियों का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड की हल्द्वानी में पुलिस ने दो चोरियों का खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी गये सोने के जेवर भी बरामद कर लिये गये हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीएन मीणा ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इसी साल जून और सितम्बर में हल्द्वानी के हिम्मतपुर तल्ला और लोहरियासाल तल्ला में चोर दो घरों का ताला तोड़ कर बेशकीमती जेवर चोरी कर ले गये थे।

पीड़ित हिम्मतपुर निवासी कुंवर सिंह चौहान और लोहरियासाल निवासी सुरेन्द्र सिंह ने हल्द्वानी कोतवाली में अलग अलग तहरीर सौंपी। पुलिस ने इस मामले की जांच उप निरीक्षक गुरविंदर कौर को सौंपी और अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी के लिये टीमों का गठन किया।

पुलिस ने इस दौरान आसपास के 100



से 120 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। साथ ही मुखबिर को सक्रिय किया। आखिरकार पुलिस को सफलता हाथ लगी और आरोपी राजकुमार राठौर निवासी राज बिहार, फेस-2 मुखानी को आज हल्द्वानी स्थित रौले की पुलिया स्थित आरके टैंट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

श्री मीणा ने बताया कि आरोपी बेहद शातिर किस्म का चोर है। उसके पास से चोरी गये सोने के जेवर बरामद भी कर लिये गये हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि शहर में कितनी चोरियों में उसका हाथ है और उसके तार किस-किस से जुड़े हैं।

## भगवंत मान की विपक्षी दलों को पंजाब के मुद्दों पर चर्चा की चुनौती

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के सभी राजनीतिक दलों को राज्य से जुड़े मुद्दों पर मीडिया के समक्ष चर्चा करने की खुली चुनौती दी है। मान ने रविवार को अपने एक ट्वीट में कहा वह प्रदेश भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़, शिरोमणि अकाली दल(शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पंजाब और इससे जुड़े मुद्दों पर मीडिया के समक्ष लाई डिवेट करने की खुली चुनौती देते हैं। उन्होंने कहा कि ये नेता 31 अक्टूबर तक इस बहस के लिये तैयारी कर लें और एक नवम्बर को पंजाब दिवस पर मीडिया के सामने लाईव डिबेट के लिये उपस्थित हों।

उन्होंने ट्वीट में आगे कहा कि वह बिना कागजों के राज्य के मुद्दों पर चर्चा करेंगे जबकि विपक्षी नेता अगर चाहें तो वे सभी मुद्दे और इनके जबाव लिख कर ला सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सतलुज यमुना सम्पर्क (एसवाईएल) नहर के निर्माण को लेकर उच्चतम न्यायालय की पंजाब की आप आदमी पार्टी(आप) सरकार के खिलाफ की गई कड़ी टिप्पणी से राज्य में सियासत गर्मा गई है।

## आपदा प्रभावित परिवारों को नि:शुल्क राशन उपलब्ध करायेंगे

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में आपदा प्रभावित परिवारों को नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन और राशन उपलब्ध करवाने की योजना शुरू की गई है और पात्र लाभार्थी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित के निदेशक मंडल की 173वीं बैठक आयोजित की गई। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारियों को इसके प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के निर्देश दिए ताकि प्रभावित परिवार अपने उचित अधिकारों से वंचित न रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा



प्रभावित परिवारों को एलपीजी सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, हाट प्लेट, सुरक्षा पाइप सहित एलपीजी घरेलू रिफिल और ब्लू बुक की लागत सहित सभी संबंधित सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन प्रभावित परिवारों को नि:शुल्क राशन भी उपलब्ध करवा रही है जिसके अंतर्गत राशन पैकेज में 20 किलो गेहूं का आटा, 15 किलो चावल, तीन किलो दाल, एक लीटर सरसों का तेल, एक लीटर सोया रिफाइंड तेल, एक किलो डबल फोर्टिफाइड नमक और दो किलो चीनी शामिल है। उन्होंने कहा कि नि:शुल्क राशन की यह सुविधा 31 मार्च, 2024 तक प्रदान की जाएगी। इससे प्रभावितों को मूलभूत खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी। सुक्खू ने कहा कि राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 1955 करोड़ रुपये का कुल कारोबार किया है और 87 लाख रुपए का लाभ अर्जित किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निगम को पूरी तरह से डिजिटल, वाणिज्यिक और पेशेवर इकाई बनाने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एफएमसीजी उत्पादों की खरीद के लिए निगम को गोदरेज और बजाज जैसी अग्रणी कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सकें। सुक्खू ने निगम से मरीजों की सुविधा के लिए और उन्हें उचित दरों पर दवाएं और अन्य सर्जिकल उपकरण उपलब्ध कराने के लिए राज्य भर के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 52 नई उचित मूल्य दवाओं की दुकानें खोलने के लिए भी कहा ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

## जातिगत जनगणना सिर्फ़ राजनीति व लोगों को बांटने का प्रयास : ठाकुर

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जातिगत जनगणना को सिर्फ़ घमण्डिया विपक्ष की राजनीति बताते हुए कहा कि जिनका काम पहले बांटना था वह आज भी वही कर रहे हैं। न लोगों की फ़ितरत बदलती है और न ही नीयत। देश में विकास और बात होनी चाहिए लेकिन विपक्ष का कोई भी नेता विकास की बात नहीं कर रहा है। सिर्फ़ लोगों को बांटने की बात कर रहा है।

ठाकुर ने कहा कि देश को अगर आगे ले जाना है तो सिर्फ़ विकास की बात करने की आवश्यकता है। ग़रीबों के कल्याण की आवश्यकता है। यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बखूबी कर रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सर्वमान्य नेता हैं और भारत ने उनके



नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रखना है, इसलिए भारत के लोग आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को और बड़ा जनादेश देंगे।

ठाकुर ने कहा कि आधुनिक भारत में बांटनें वाली विचारधारा नहीं चलेगी। देश की समस्या ग़रीबी है। इसलिए ग़रीबी को ख़त्म करने की आवश्यकता है। माफ़ियाराज और बिचौलियों को रास्ते से हटाकर सरकार की योजनाओं को सीधे आम आदमी से जोड़ने की ज़रूरत थी। जिससे दिल्ली से आम लोगों के लिए भेजा जाने वाला 100 पैसा पूरा का पूरा ज़रूरतमंदों तक पहुंचे न कि 85 पैसा बिचौलियों में ही रह जाए। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काम किया लाखों करोड़ रुपया हर साल आम आदमी के खाते में सीधे-सीधे पहुंचाया है।

ठाकुर ने कहा कि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाने और विकासात्मक कार्यों को गति देने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी सरकार की आवश्यकता है। जिससे देश की पाई-पाई, देश के विकास में लगे न कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद को पोषित करने में।

### मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तीन की मौत पांच घायल

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के ठीकरी थाना क्षेत्र में आज मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान और दो नाबालिग मजदूरों की मृत्यु हो गई और तीन नाबालिग समेत पांच अन्य घायल हो गए। ठीकरी के थाना प्रभारी विक्रम सिंह बामनिया ने बताया कि खेत में मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली कुआं-कपालिया खेड़ी रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान अमित पाटीदार (35) और दो मजदूर अनिल (12) तथा सजन (16) की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में ममता, बायली, रविता, कविता और खेल सिंह घायल हुए हैं।

## एक हजार किलोग्राम तवे पर तैयार की 151 किलो आटे की रोटी

भीलवाड़ा। विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का रिकॉर्ड तोडने के लिए रविवार को भीलवाड़ा के हरिशेवा धाम में एक हजार किलों के तवे पर 151 किलों आटे की रोटी कई प्रदेशों के कारीगरों ने मिलकर तैयार की।

दो घंटे के अंतराल में आंटा गूंथा गया और स्टील के पाइप से रोटी बेली गई। एक हजार किलों कोयले की आंच पर इस रोटी को चार घंटे से अधिक समय तक सेंका गया। वर्ल्ड रिकॉर्ड बनता देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी जुटे और संत महात्मा भी इस रोटी का बाद प्रसाद तैयार किया गया और उसे पचकुटे की सब्जी के साथ लोगों को वितरित किया गया।

वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए लाइव रिकॉर्डिंग की गई और गिनिज बुक में रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए आवेदन किया जाएगा। अब इसकी जांच के बाद इस रोटी के नाम विश्व की सबसे बड़ी रोटी के रूप में दर्ज हो जाएगा।

राजस्थानी जनमंच अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि हरिशेवा धाम में महामंडलेश्वर हंसाराम उदासीन के सानिध्य में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ साधु संतों ने की भट्टी में अग्नि प्रज्वलित की। इस दौरान विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का विश्व कीर्तिमान देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी भी हरिशेवा धाम पहुंचे।

हरिशेवा धाम परिसर में बनाई गई विशाल भट्टी पर रोटी बेलने के लिए 20 फीट के स्टील पाईप के बैलन का प्रयोग किया गया। रोटी का वजन 151 किलो और व्यास 113-11 फीट रहा तथा इसमें 15किलो घी का उपयोग किया गया।

## शार्ट न्यूज

### तीसरी पुण्यतिथि पर भारतीय राजनीति के दैदिप्यमान नक्षत्र पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान को श्रद्धा सुमन अर्पित



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री, 9 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा सांसद रहे और 6 प्रधानमंत्रियों सर्वश्री वी. पी सिंह, एच.डी देवेगौडा, इंद्र कुमार गुजरात, अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह, नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके लोक जन शक्ति पार्टी के अध्यक्ष, मरणोपरांत पद्मभूषण से सम्मानित स्व. श्री रामविलास पासवान को आज उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर समाज के करोडों कृतज्ञ दलितों और वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की ओर से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। रामविलास पासवान जी की स्मृतियों को याद करते हुए वत्स ने कहा कि रामविलास पासवान भारतीय राजनीति का दैदिप्यमान नक्षत्र थे। उनका स्वभाव अत्यंत विनम्र था जो सबको अपना बना लेता था।

### खाने के पैसे मांगने पर रेस्टोरेंट संचालक को पीटा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में रेस्टोरेंट में घुसकर मारपीट करने का एक मामला सामने आया है। यहां पर रेस्टोरेंट संचालक को दबंगों से बिल के पैसे मांगना भारी पड़ गया। खाने के पैसे मांगने पर दबंगों ने रेस्टोरेंट संचालक के साथ मारपीट और गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। इसके बाद भी आरोपी नहीं माने और बाद में रेस्टोरेंट संचालक पर पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। रेस्टोरेंट में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के अल्फा सेक्टर के कॉमर्शियल बेल्ट में राहुल शर्मा कैफे स्ट्रीट नाम से एक रेस्टोरेंट चलाते हैं। राहुल ने बताया कि रेस्टोरेंट में बुधवार शाम के समय कुछ फैमिली और अन्य लोग खाना खा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग अपने बिल के पैसों को लेकर बहस करने लगे, जिस पर मेरे भाई के द्वारा उनसे शांत रहने की अपील की गई और बिल के पैसे देने की बात कही गई, लेकिन उन लोगों ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी और कुछ देर बाद ही उन लोगों ने मेरे भाई को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उन दो से तीन युवकों ने जमकर मारपीट की और मारपीट करने के बाद अपने पास से पिस्टल निकाल कर उसे मेरे भाई पर तान दी और जान से मारने की धमकी देने के बाद मौके से फरार हो गए।

### पुलिस ने रेप आरोपी को पकड़ा

जेवर। गौतमबुद्ध नगर में रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने महिला से तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने और दलित युवक से मारपीट के दो मामलों में फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को अरेस्ट किया है। अरेस्ट आरोपी के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर में कई केस दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। पुलिस के मुताबिक, बीते 14 सितंबर को गांव भीकनपुर निवासी राजकुमार के बेटे के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज व मारपीट की गई थी। साथ ही 29 सितंबर को एरिया की एक गांव निवासी महिला के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया गया था। दोनों ही घटनाओं में गांव म्याना निवासी डिंपल उर्फ हेमंत शर्मा के खिलाफ पीड़ितों ने नामजद केस दर्ज कराया था। केस दर्ज कर पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। शनिवार देर रात को पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी डिंपल को गांव भिकनपुर की पुलिया के पास से फर्जी नंबर प्लेट की एक बाइक व तमंचा के साथ अरेस्ट किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी डिंपल शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपी के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर और जिला बुलंदशहर में करीब 14 केस दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी द्वारा घर में घुसकर महिला से डरा धमकाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था।

### बसपा के पूर्व विधायक का हिस्ट्रीशीटर भाई गिरफ्तार

मोदीनगर। मोदीनगर की मुरादनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बसपा के पूर्व विधायक वहाब चौधरी के हिस्ट्रीशीटर भाई को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया बदमाश जिला बदर होने के बाद भी मुरादनगर में ही रह रहा था। वह जिले से बाहर नहीं गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा व तीन कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि 9 मई 2023 को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के न्यायालय द्वारा हिस्ट्रीशीटर आस मोहम्मद को छह माह के लिए जिलाबदर करने के आदेश पारित किए थे। बताया कि हिस्ट्रीशीटर आस मोहम्मद पर हत्या, लूट, अपहरण, जानलेवा हमले, गैंगस्टर, बलवा व आर्म एक्ट के मुरादनगर में 51 मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी ने बताया कि शनिवार रात को थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी भारी पुलिस फोर्स के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि मुरादनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर एवं जिलाबदर घोषित आस मोहम्मद निवासी कच्ची सरॉय अपने घर के आसपास घुम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर करनी शूरू कर दी। इसी बीच बदमाश अपने घर से निकला। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने बदमाश के पास से 315 बोर का तमंचा, तीन कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने बताया कि बदमाश आस मोहम्मद ने तीन साल पहले बेटे के साथ मिलकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी।

### फर्म खोलकर डेढ़ करोड़ का फ्रॉड

नोएडा। फर्म खोलकर डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-63 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मैसर्स ईला होम फैशन कंपनी के अधिकारी देवेश गुप्ता ने कोर्ट में अर्जी दी थी कि उनकी कंपनी का पानीपत में प्लांट है। देवेश की मुलाकात करीब 16 साल पहले 2006-07 में नोएडा निवासी नीला माधव पांडा उर्फ नील से हुई। साक्षात्कार समेत अन्य औपचारिकता पूरी करने के बाद उसे कंपनी में बिजनेस डेवलेपमेंट मैनेजर के पद पर नियुक्त किया गया। नीला माधव ने कारोबार बढ़ाने के लिए नोएडा में एक कंपनी खोलने की सलाह शिकायतकर्ता को दी। परिचित होने के कारण शिकायतकर्ता ने नीला माधव की बात मानते हुए 2019 में सेक्टर-65 में कंपनी की एक यूनिट स्थापित कर दी गई। इस दौरान नीला माधव और गाजियाबाद के कुशल ने स्टाफ भी नियुक्त कर दिया। शुरुआत में अच्छे तरीके से काम किया गया। बाद में आरोपियों ने बिलों का भुगतान करना बंद कर दिया, जिससे संबंधित कंपनी की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। इसके बाद कंपनी की ओर से आंतरिक जांच बिठाई गई, जिसमें सामने आया कि नीला माधव अपनी पत्नी अलका भारती को फर्जी तरीके से एक लाख रुपये वेतन जारी कर रहा था।

### 10 लाख के जुर्माने के खिलाफ अपील एनजीटी ने की खारिज

नोएडा। बिना अनुमति बोरवेल कर भूगर्भ जल निकालने के मामले में गाजियाबाद के एक होटल पर 10 लाख रुपये के जुर्माने के आदेश को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सही माना है। एनजीटी का कहना है कि होटल केवल 10 कमरे का है, पर यह नियमों में छूट मिल जाने की वजह नहीं हो सकती है, अगर वह छूट की श्रेणी में नहीं आता है। 12 जून 2023 को गाजियाबाद के कल्लूपुरा मल्लीवारा चौक स्थित सिटी लॉज होटल पर एनजीटी ने 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। इस आदेश के खिलाफ एनजीटी में होटल मालिक ने अपील की थी। एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रशांत श्रीवास्तव, सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल, डॉ. ए सेंथिल वेल के आदेश के मुताबिक होटल मालिक ने भूगर्भ जल दोहन के लिए अथॉरिटी से जरूरी एनओसी नहीं ली। ऐसे में अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण कर कार्रवाई की। एनजीटी का कहना है कि वादी का कहना है कि वह वह केवल 10 रूम का होटल चलाता है, पर इस आधार पर वह नियमों के पालन कराने से छूट नहीं पा सकता है।

# 'आप' के सैकड़ों युवा और महिला वॉलंटियर भाजपा में हुए शामिल

## भाजपा देश की आन-बान-शान से कभी समझौता नहीं करती : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली। राजेन्द्र नगर, करोल बाग और नांगलोई विधानसभा क्षेत्रों के 500 से अधिक युवा और महिला वॉलंटियर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख थे श्री विजय टाइटलर और डॉ. चंद्रकांता जिन्होंने 2020 में राजेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र से राघव चड्ढा और बाद में जून 2022 में राजेन्द्र नगर से उपचुनाव में दुर्गेश पाठक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, महामंत्री श्री योगेन्द्र चांदोलिया, मंत्री श्री नरेश ऐरन, मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर, एमसीडी में एलओपी सरदार राजा इकबाल सिंह और कार्यालय मंत्री श्री बृजेश राय ने पार्टी के नए सदस्यों को पार्टी के रंग का पटका एवं माला पहनाई।

### आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले लोगों में शामिल हैं

1. विजय टाइटलर राजिंदर नगर विधानसभा के एक प्रमुख आप वॉलंटियर हैं जो कई सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए हैं।
2. डॉ. चंद्रकांता राजिंदर नगर से आप वालंटियर हैं और एनजीओ मिरर फाउंडेशन की संस्थापक हैं।
3. ज्योति बडिवाल ने देवनगर वार्ड से आप के चुनाव चिन्ह झाडू पर 2017 एमसीडी चुनाव लड़ा था।
4. अमरजीत सिंह जिन्होंने बुधनगर से आप के टिकट पर 2022 एमसीडी चुनाव लड़ा।
5. भारती रछौया जो नांगलोई में महिला सशक्तिकरण एनजीओ चलाने वाली 'आप' की वॉलंटियर हैं।
6. अक्षय कुमार संयुक्त सचिव यूथ विंग दिल्ली आम आदमी पार्टी।
7. राजबीर अध्यक्ष एनजीओ मिरर फाउंडेशन
8. हेमराज राठौड़ महासचिव एनजीओ मिरर फाउंडेशन।
9. शाह आलम अध्यक्ष मुस्लिम समाज पांडव नगर आम आदमी पार्टी।
10. राजिंदर नगर में किशन कुमार 'आप' वॉलंटियर।




विजय टाइटलर, ज्योति बाडिवाल और भारती रछौया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एजेंडे और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से प्रभावित हैं और भाजपा के माध्यम से लोगों की सेवा करने का अवसर पाकर खुश हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया और कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है क्योंकि बड़ी संख्या में आप और कांग्रेस कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। जब हम उन सभी लोगों से बात करते हैं जो बीजेपी में शामिल हो रहे हैं या शामिल होने के लिए तैयार हैं तो हमें पता चलता है कि आम आदमी पार्टी के अंदर ये लोग न सिर्फ ठगे गए हैं बल्कि खुद को झूठ के दलदल में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विजय टाइटलर और डॉ. चंद्रकांता का भाजपा मे आना आम आदमी पार्टी के लिए, पूर्व विधायक राघव चड्ढा और राजेंद्र नगर से मौजूदा विधायक दुर्गेश पाठक के लिए बड़ा झटका है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार अब न सिर्फ दिल्ली की जनता बल्कि आप कार्यकर्ताओं को भी शर्मसार कर रहा है। विकास के जो अवसर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलने चाहिए थे, उन्हें आप विधायकों और पार्षदों ने छीन लिया और यही कारण है कि आज आप कार्यकर्ता अपने ही नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि हम बीजेपी में देश के गौरव और सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं करते हैं और हम सब मिलकर दिल्ली में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए काम करेंगे।

# हमारी भूमि हमारे गांवों को मालिकाना हक दें सरकार : पंचायत संघ

नई दिल्ली। दिल्ली देहात व गांवों की 18सूत्री मांगो को लेकर पहले मुख्यमंत्री चौधरी ब्रहम प्रकाश जी के पैतृक गांव शकूर पुर में हुई महा पंचायत को 2अक्तूबर 2023 को एक वर्ष होने पर दिल्ली पंचायत संघ के पंच प्रमुखों व मुख्य पंचायत प्रमुखों की बैठक बुलाई गई।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि 18सूत्री मांगो व गांवों को लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक न देने के कारण संबंधित शासन प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व दिल्ली के केंद्र में जल्द ही बढा आंदोलन करने का प्रस्ताव पर सहमति बनी ।

पंचायत ने प्रधानमंत्री भारत सरकार से दिल्ली के गांवों को लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक,संपत्ति कर से मुक्ति, रोजगार के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी,सील संपति खोले,बढा हुआ सर्कल रेट लागू करें आदि 18सूत्री मांगो को पुरा करवाने की मांग की है।

दिल्ली विस्तार व विकास में गांवों ने रोजगार व आजीविका चलाने वाली कृषि भूमि का बलिदान कर दिया।



थान सिंह यादव
प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

लेकिन दिल्ली गांवों को मालिकाना हक नहीं दिया जा रहा।

दूसरी ओर पडोसी राज्यों में गांवों को लाल डोरा से मुक्ति या अंग्रेजों की कैद वाले लाल डोरा से आजादी दी जा रही है।

पंचायत संघ का कहना है कि गांव पहले थे या अनधिकृत कालोनी व झुग्गीयॉ जिन्हे मालिकाना हक दिया जा रहा है।तो दिल्ली के गांवों को क्यों नहीं। इसी से पता चलता है कि दिल्ली देहात व गांवों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है।

पंचायत संघ ने दिल्ली देहात व गांव के नेताओं निगम पार्षदो, विधायकों, सांसदो सभी को आवाहन किया की। वह दिल्ली के गांवों को मालिकाना हक दिलवाने का काम करें।नहीं तो आगामी सभी चुनावों में आपको गांवों का आक्रोश झेलना पड़ेगा।पंचायत संघ ने कहा कि हमारी 18 सूत्री मांगों में पहली मांग जल्द से जल्द गांवों को जहां तक मकान वहां तक गांव मानकर मलिकाना हक दें सरकार। गांवो का लाल डोरा,विस्तारित लाल डोरा व उससे बाहर की लगती हुई आबादी को मालिकाना हक दें। ताकि गांव वालों को बैंक से ऋण व अन्य सुविधा मिल सके। अपना मकान बना सके।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व सह प्रमुख सुनील शर्मा ने दिल्ली देहात व गांवो की 18 सूत्री मांगों का एक महीने में समाधान करने की मांग की है।

मांगो का समाधान नहीं होने पर दिल्ली के केंद्र में कर्तव्य पथ, जंतर मंतर जहां स्थान मिलेगा वहां महा पंचायत करेंगे।

### ऑटो चालक से मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने एक ऑटो चालक के साथ मारपीट करने और उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों ने एक ऑटो चालक को ऑटो से उतार कर उसके साथ मारपीट की थी। सिर पर ईंट से वार करके उसकी हत्या करने की भी कोशिश की थी। दरसअल सूरजपुर थाना क्षेत्र के कस्बे का एक वीडियो वायरल हुआ था। जो की 3 अक्टूबर का था। जिसमें तीन से चार युवक एक युवक को सड़क पर गिराकर बुरी तरह से पीट रहे थे। इस दौरान लाठी डंडों से और ईंट से भी उस पर वार किया गया। इस मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना को लेकर पीड़ित ने 5 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराया और दी गई तहरीर के आधार पर दानिश व 3 से 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई।

# फॉर्च्यूनर गाड़ी पर फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि फॉर्च्यूनर मालिक ने ही गनर लेने के लिए खुद ही अपनी गाड़ी पर फायरिंग कराई थी। लेकिन पुलिस ने गहनता से जांच की और जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी इस मामले में फॉर्च्यूनर सवार फरार चल रहा है।

दरअसल 25 सितंबर को बादलपुर थाना क्षेत्र के आशु फार्म हाउस के बाहर खड़ी हुई फॉर्च्यूनर गाड़ी पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया था। फॉर्च्यूनर पर फायरिंग की गई थी। इस घटना के बाद फॉर्च्यूनर गाड़ी के मालिक अमरीश ने पुलिस से इसकी शिकायत की। इसके बाद पुलिस इस पूरी घटना की जांच में जुट गई।

लोकल इंटेलिजेंस मुखबिर की सूचना व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को खेड़ा धनपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर अरुण को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में



दो अन्य आरोपियों के नाम बताए। बताया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी पर हमला खुद वादी अमरीश ने ही कराया था। उसने पूछताछ में बताया कि अमरीश ने उससे संपर्क किया था और मैंने ही दो शूटर फॉर्च्यूनर पर फायरिंग करने के लिए हायर किए थे।

इसके लिए एक लाख रुपये तय किए गए थे। अमरीश ने कहा था कि उसकी गाड़ी पर हमला कर देना इससे उसको गनर मिल जाएंगे। पुलिस ने इस मामले में फॉर्च्यूनर गाड़ी पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपी रजनीश और प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल और व तमंचा भी बरामद कर लिया जिससे फायरिंग की गई थी।

# सजा दिलवाने में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर प्रदेश में अव्वल

गौतम बुद्ध नगर। शासन की प्राथमिकताओं में से एक अपराधियों को सजा दिलाना है। इसी को लेकर 01.07.2023 से प्रदेशव्यापी ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाया जा रहा है। इसके क्रम में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए मुख्यालय स्तर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के निर्देशन में एक विशेष सेल का गठन किया गया है।

इसका कार्य सभी प्रकार के अभियोगों में मुकदमो का चिन्हीकरण कर, प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाना है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर प्रत्येक जोन में जोनल पुलिस उपायुक्त के अधीन एक अभियोजन/मॉनिटरिंग सेल की स्थापना की गई, जो अपने जोन के अन्तर्गत समस्त अभियोगों की पैरवी के लिए उत्तरदायी बनाया गया। थानास्तर पर प्रत्येक थाने में अभियोजन सेल का गठन किया गया, जो प्रतिदिन गवाहों की उपस्थित, गवाहों के ब्यान कराये जाने हेतु उत्तरदायी बनाया गया।

### पोर्टल पर किया जा रहा अपलोड

इस विशेष गठन के बाद स्थानीय पुलिस/पब्लिक के गवाहों की शत-प्रतिशत उपस्थिति माननीय न्यायालय में सुनिश्चित की गई। इसके परिणाम स्वरुप जनपद गौतमबुद्धनगर में दिनांक 01.07.2023 से अब तक कुल 426 अभियोगो में अभियुक्तगण को सजा दिलायी जा चुकी है, जिसमें शासन के चिन्हित माफिया, सनसनीखेज अपराध, पाक्सो एक्ट के तहत विशिष्ठ मामलों के अभियुक्तों को सजा दिलाई गई।

# जहांगीरपुरी में सी एंड डी संयंत्र का उद्घाटन

## ये देश का सबसे बड़ा प्लांट, सबसे आधुनिक तकनीक ये बनाया : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार राष्ट्रीय राजधानी को कचरा मुक्त करने की बात कई मौकों पर कर चुकी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को Construction And Demolition Waste Recycling Plant का उद्घाटन किया। यह प्लांट दिल्ली के जहांगीरपुरी में बनाया गया है। इस रिसाइकलिंग प्लांट का उद्घाटन करने के बाद सीएम ने लोगों से मुखाबित होते हुए कहा कि यह देश में इस तरह का सबसे बड़ा प्लांट है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हर दिन 6500 टन कूड़ा निकलता है। सीएम ने बताया कि एक इसी तरह का एक और प्लांट ओखला में भी बनाने की तैयारी है।

इस प्लांट के बारे में जानकारी देते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा,



यह सी एंडी डी प्लांट शुरू हो रहा है। जैसे-अगर कोई इमारत बनती है या उसे ध्वस्त किया जाता है तो उससे जो मलबा निकलता है। उस मलबे को अब तक सड़क किनारे डाल दिया जाता था।

लेकिन जब हम दिल्ली को साफ-सुथरा करने चले हैं तो हमारा मकसद है कि दिल्ली देश में सबसे खूबसूरत बने। दिल्ली को खूबसूरत बनाने की दिशा में इस तरह के प्लांट बहुत जरूरी हैं। इमारत की निर्माण और उसके ध्वस्तीकरण से जो मलबा निकलता है उस मलबे को इस प्लांट में लाया जाएगा और उस मलबे से टाइल, गिट्टी समेत कई अन्य तरह के प्रोडक्ट बनाए जाएंगे।

सीएम ने कहा कि इस प्लांट के उद्घाटन के बाद इस वक्त अब दिल्ली में चार प्लांट हैं। इनमें से तीन अन्य प्लांट रानीखेरा, शास्त्री पार्क और बक्करवाला में है। सीएम ने कहा, हमारी योजना है कि एक इसी तरह का प्लांट ओखला में भी बनाया जाए। इसमें 1000 टन कूड़े की रिसाइकलिंग होगा।

इसके साथ ही सीएम केजरीवाल ने यह भी कहा जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी आई है तब तक निगम के अंदर भ्रष्टाचार कम हो गया है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए नगर निगम ने अभियान भी चलाया है। कई जगह 311 ऐप शुरू किए गए हैं। इसमें अगर आप कूड़े की फोटो खींच कर भेज दें तो वहां की सफाई हो जाएगी अकेले नगर निगम और दिल्ली सरकार से दिल्ली साफ नहीं होगी। दिल्ली की 2 करोड़ जनता को भी भागीदार बनना होगा। सीएम ने कहा, यह ऐप भी आप सभी डाउनलोड करें। दिल्ली अकेले एमसीडी से साफ नहीं होने वाली और दिल्ली सरकार से भी साफ नहीं होने वाली। जब दिल्ली के दो करोड़ लोग मिलकर इसमें भागीदारी करेंगे तब दिल्ली साफ होगी। इसलिए हम सभी को मिलकर दिल्ली को साफ करना है और दिल्ली से भ्रष्टाचार दूर करना है। यही हमलोगों का मकसद है। तो इसमें सभी लोग मिलकर काम करेंगे।

# महंगे प्रोटीन व सप्लीमेंट चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## गैंग लीडर सहित 4 गिरफ्तार, 9 लाख का माल बरामद, अपनी दुकान में करता था बिक्री

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 113 पुलिस ने दुकानों और जिम के शटर काटकर महंगे प्रोटीन और सप्लीमेंट चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह का खुलासा करते हुए, गिरोह के सरगना सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से भारी मात्रा में प्रोटीन के डब्बे, एक लैपटॉप और घटना में प्रयुक्त इको मारुति कार व आल्टो कार बरामद की गई है।

दरसअल सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 117 में एक जिम के शटर को तोड़कर वहां से महंगे प्रोटीन और सप्लीमेंट चोरी किए गए थे। इस दौरान जिम का शटर काटकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया और इन चोरों की तलाश में जुड़ गई।



पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करने पर पता लगा कि इन लोगों के द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्र में भी इस तरह की वारदात को अंजाम दिया गया है। यह एक गिरोह है जो दुकान और जिम से महंगे प्रोटीन और सप्लीमेंट चोरी करता है।

### 9 लाख रुपए का सामान हुआ बरामद

इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, लोकल इंटेलीजेंस और मुखबिर की सूचना के आधार पर इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान पुलिस ने दिल्ली निवासी धीरेंद्र, बरेली निवासी सुल्तान, मोहम्मद असलम और मोहम्मद शाकिर को सेक्टर 112 के पास से गिरफ्तार किया। इन लोगों के कब्जे से पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से प्रोटीन और सप्लीमेंट के छोटे-बड़े 149 डिब्बे बरामद किया इन बन की कीमत करीब 9 लाख रुपए है।

### चारों को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

इसके अलावा 01 लैपटॉप, घटना में प्रयुक्त चोरी की मारुति ईको कार, 01 मारुति अल्टो कार और शूटर काटने का गैस कटर बरामद किया। थाना सेक्टर 113 प्रभारी ने बताया कि गैंग लीडर धीरेंद्र उर्फ सुनील नजफगढ़ दिल्ली में जिम प्रोटीन और सप्लीमेंट की दुकान चलाता है। यह एनसीआर क्षेत्र में रेकी कर महंगे प्रोटीन और सप्लीमेंट की दुकान व जिम को चिन्हित कर लेता था फिर अपने गैंग के सदस्यों को इकट्ठा कर रात के समय गैस कटर से शटर/तालों को काटकर योजनाबद्ध तरीके से प्रोटीन/सप्लीमेंट चोरी कर ले जाते थे। उसके बाद उस चोरी के समान को अपनी दुकान से विभिन्न स्थानों पर बेचता और सप्लाई किया करता था।

# ग्रेटर नोएडा में 60 लाख की शराब बरामद

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर में नशा माफिया के खिलाफ पुलिस के द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज दादरी पुलिस और आबकारी विभाग की टीम में संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कैंटर से शराब की करीब 480 पेटियां बरामद की। शराब की कीमत 60 लाख रुपए बताई जा रही है।

रविवार को दादरी पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को लोकल इंटेलिजेंस और मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक कैंटर से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने उस कैंटर की घेराबंदी करने के लिए चेकिंग शुरू की।

दादरी पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के बील कट के पास चेकिंग के दौरान एक कैंटर को पकड़ लिया। चालक पुलिस को देखते ही कैंटर को छोड़कर फरार हो गया। टीम ने जांच की तो उसमें शराब की पेटियां रखी हुई थी। इस दौरान कैंटर से शराब की 480 पेटियां बरामद हुई। यह शराब अलग-अलग ब्रांड की थी और पूरी शराब पंजाबी मार्का थी।

### कैंटर चालक की तलाश जारी

दादरी थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि दादरी पुलिस और आबकारी टीम के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए यह शराब पकड़ी है।

शराब की कीमत करीब 60 लाख रुपए बताई जा रही है। कैंटर का चालक मौके से फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही शराब तस्करों के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

# संपादकीय



## संपूर्ण स्वदेशीकरण के बिना मजबूत इंडियन एयरफोर्स का सपना अधूरा

26 फरवरी 2019 को इंडियन एयरफोर्स के मिराज-2000 लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर बालाकोट में बमबारी की थी। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद यह पहला अवसर था, जब हमारी एयरफोर्स इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर पाकिस्तान में घुसी, लेकिन अगले ही दिन पाकिस्तानी एयरफोर्स ने जवाबी हमला बोला था, जिसमें मिग-21 फाइटर प्लेन उड़ा रहे भारतीय पायलट अभिनंदन को पाकिस्तानी एयरफोर्स ने मार गिराया था।

अभिनंदन अपने मिग-21 समेत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर गिरे थे। पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट्स से मुकाबला करने के लिए हमारा मिग-21 बेहद पुराना विमान था। उस समय इंडियन एयरफोर्स को %बियॉन्ड द रें%ज मिसाइल और अत्याधुनिक फाइटर जेट्स की कमी महसूस हुई थी।

पिछले कुछ वर्षों में इंडियन एयरफोर्स के आधुनिकीकरण के प्रयास तेज हुए हैं, लेकिन देश की सबसे नवीनतम फोर्स का संपूर्ण स्वदेशीकरण समय की मांग है। उसके बिना मजबूत एयरफोर्स का सपना अधूरा है।

ब्रिटिश इंडिया के समय अंग्रेजों ने एयरफोर्स का 8 अक्तूबर 1932 को गठन किया था। मार्च 1945 में इसे रॉयल इंडियन एयरफोर्स का नाम दिया गया। वर्ष 1950 में इसे इंडियन एयरफोर्स कर दिया गया। इंडियन एयरफोर्स ने आजादी के बाद वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध को छोड़कर सभी कॉम्बैक्ट ऑपरेशन्स में भाग लिया है।

वर्ष 1962 में इंडियन एयरफोर्स का इस्तेमाल केवल ट्रांसपोटेशन के लिए हुआ था। भारत-पाकिस्तान का 1947-48, 1965, 1971 या 1999 का कारगिल युद्ध हो, इंडियन एयरफोर्स ने सभी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनाने में इंडियन एयरफोर्स की अहम भूमिका थी।

विडंबना यह है कि हम आज अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने में सक्षम हो गए हैं, लेकिन फाइटर जेट्स का इंजन बनाना सपना है। फाइटर जेट्स हों, हेलीकॉप्टर या मालवाहक विमान, हम पूरी तरह रूस, फ्रांस, अमेरिका जैसे देशों पर निर्भर हैं। स्वदेशी तेजस फाइटर जेट का प्रोग्राम हमने 1984 में शुरू किया था, लेकिन 30 साल बाद ही हम तेजस को इंडियन एयरफोर्स में शामिल कर सके।

पिछले दिनों मिग-21 को रिप्लेस करने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 100 तेजस का ऑर्डर दिया है। हालांकि, तेजस भी इंजन से लेकर कई उपकरणों को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर है।

वर्तमान में जहां तक इंडियन एयरफोर्स के लड़ाकू बेड़े की बात है तो राफेल, जो 4.5 जनरेशन का लड़ाकू विमान है, के अलावा सुखोई-30 एमकेआई, मिराज 2000, मिग-29, तेजस और मिग-21 इसमें शामिल हैं। फ्लाइंग कॉफिन के नाम से मशहूर बूढ़े मिग-21 को इंडियन एयरफोर्स सेवा से हटा रही है। सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000 और मिग-29 भी पुराने हो चुके हैं। तेजस को रणभूमि में आजमाया जाना है।

जिस तरह से चीन और पाकिस्तान से चुनौती मिल रही है, हमें इंडियन एयरफोर्स के उपकरणों को लेकर 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। जैसे हमने अंतरिक्ष में अपनी ताकत को बढ़ाया और रॉकेट के इंजन बनाए, वैसे ही हमें फाइटर जेट्स का स्वदेशी इंजन बनाने में कामयाबी हासिल करनी होगी। इंडियन एयरफोर्स के लिए मिसाइल सिस्टम तैयार करने की जरूरत है। पिछले दिनों अस्त्र मिसाइल को राफेल में लगाने की बात कही गई। ऐसे प्रयास और भी होने चाहिए। मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई जैसे फाइटर जेट्स को हम रूस के सहयोग से भारत में बना रहे हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तकनीकी सहयोग की कमी महसूस की गई। जिस तरह आज इजराइल युद्ध में फंसा है, यदि आज भारत को इजराइल से सैन्य सहयोग की जरूरत पड़े तो हमें निराशा होना पड़ेगा।

## राजस्व की पहेलियां: जीएसटी का प्रवाह और चिंताजनक पहलू

### मोटे तौर पर जीएसटी के बेहतर प्रवाह के बीच, कुछ रुझानों पर और ज्यादा छानबीन की जरूरत

मौजूदा वित्तीय वर्ष का आधा हिस्सा बीत जाने के बाद, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से प्राप्त देश का सकल राजस्व 9.92 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। यह अप्रैल और सितंबर 2022 के बीच के संग्रह की तुलना में 11.1 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान औसत मासिक राजस्व बेहतर होकर 1,65,418 करोड़ रुपये का रहा है। इस वित्तीय वर्ष में छह में से चार मौकों पर जीएसटी के खजाने ने 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है। लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े के साथ, सितंबर माह का जीएसटी संग्रह औसत से थोड़ा कम रहा, लेकिन अगस्त के प्रवाह से 2.3 फीसदी ज्यादा रहा। अगस्त का प्रवाह तीन महीने के निचले स्तर पर था। त्योहारों का मौसम शुरू होने के साथ, इस तिमाही में 1.6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का संग्रह जारी रह सकता है। राजकोषीय लिहाज से, सरकार जीएसटी राजस्व को लेकर सहज स्थिति में है। जनवरी-मार्च 2024 की तिमाही के दौरान प्रवाह में कुछ कमी आने की गुंजाइश है क्योंकि केंद्रीय बैंक को इस दरमियान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पहली तिमाही के 7.8 फीसदी से घटकर 5.7 फीसदी रह जाने की आशंका है। इन आंकड़ों से मिलने वाले व्यापक दृढ़ता के संकेत से परे, नीति निर्माताओं द्वारा और जीएसटी परिषद की आज होने वाली बैठक में चिंता के कुछ पहलुओं पर बारीक विश्लेषण की दरकार है।

पहला, जीएसटी के प्रवाह की बढ़ोतरी में स्पष्ट मंदी आई है, जो सितंबर माह में घटकर 10.2 फीसदी रह गई है। यह जुलाई 2021 के बाद सबसे धीमी वृद्धि है। जुलाई और सितंबर के बीच औसत वृद्धि पहली तिमाही के 11.5 फीसदी से घटकर दूसरी तिमाही में 10.6 फीसदी रह गई। पिछले दो महीनों के दौरान घरेलू लेनदेन और सेवाओं के आयात में होने वाली वृद्धि धीमी होकर 14 फीसदी रह गई है, जोकि जून में 18 फीसदी थी। यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण होगा कि अगस्त में किए गए लेनदेन के आधार पर सितंबर माह के राजस्व में 2017-18 में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत के बाद से विभिन्न व्यवसायों से मिलने वाला लंबित बकाया भी शामिल है क्योंकि उन बकायों के भुगतान की अंतिम समय-सीमा 30 सितंबर थी। इसके अलावा, 1 अगस्त से पांच करोड़ रुपये से ज्यादा टर्नओवर वाली सभी फर्मों के लिए ई-चालान अनिवार्य हो गया, लिहाजा अनुपालन एक और दबाव हावी था। वास्तविक उपभोग और उत्पादन में बढ़ोतरी से पैदा हुई वृद्धि की सीमा का आकलन करने के लिए इन प्रभावों की पड़ताल करना जरूरी है। मिसाल के तौर पर, अगस्त के दौरान जारी किए गए रिकॉर्ड 9.34 करोड़ ई-वे बिल अब तक के उच्चतम राजस्व में तब्दील नहीं हो सके। इससे यह पता चलता है कि लेनदेन का आकार कम हो गया है।

एक और हैरान करने वाला रुझान माल के आयात से होने वाले राजस्व में देखा गया है। माल का आयात इस साल चार गुना कम हो गया है। बेशक, इस साल दर्ज किए गए माल आयात के कम बिल कम जीएसटी में तब्दील होंगे। हालांकि, अगस्त माह में आयात नौ महीने के उच्चतम स्तर 58.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जोकि जुलाई के आयात बिल से 10.75 फीसदी ज्यादा है। फिर भी, सितंबर माह में संग्रहित राजस्व पिछले महीने की तुलना में 5.7 फीसदी कम रहा। इससे बात नहीं बनती। अधिकारियों को आयात से होने वाले राजस्व के रिसाव को रोकने के लिए गहराई से छानबीन करनी चाहिए।

## वोट बटोरने का शॉर्टकट 'रेवड़ी की राजनीति'



-डॉ सत्यवान सौरभ

मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? राजनीतिक दलों को सूचित करना चाहिए कि क्या मुफ्त के लिए धन सरकारी खजाने से आएगा और यदि ऐसा है तो यह केवल एक जेब से पैसा लेना और मतदाता की दूसरी जेब में डालना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बड़े पैमाने पर, अनियंत्रित मुफ्तखोरी संस्कृति हमारे जैसे लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की छत को हिला देती है।

राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली, मुफ्त सार्वजनिक परिवहन, मुफ्त पानी और लंबित बिलों और ऋणों की माफी जैसे वादों की एक श्रृंखला को अक्सर मुफ्त उपहार माना जाता है।

मुफ़्त उपहार का वितरण भारत में चुनाव प्रचार का एक अभिन्न अंग बन गया है। मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत, केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। यह चुनाव अभियानों से अप्रभेद्य है जहां राजनेता दीर्घकालिक विकास लक्ष्य रोजगार गारंटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राज्य समर्थन, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं निर्धारित करने के बजाय मतदाताओं को लुभाने के शॉर्टकट के रूप में मुफ्त पानी, बिजली, राशन, भोजन, टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल, स्कूटर, गैस सिलेंडर और सार्वजनिक परिवहन के वादे करते हैं।

इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? सब्सिडी और मुफ़्त चीज़ें राजकोषीय घाटा बढ़ाती हैं और सरकारी राजस्व पर दबाव डालती हैं, जिससे घाटा और भी बढ़ जाता है। मुफ्तखोरी मतदाताओं की निर्णय लेने की शक्ति को बुरी तरह प्रभावित करती है। ऋण माफी को मुफ्त उपहार के रूप में देने से अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि संपूर्ण ऋण संस्कृति को बर्बाद करना और मूल प्रश्न को अस्पष्ट करना कि कृषक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लगातार ऋण जाल में क्यों फंसता जा रहा है। श्रीलंका में आर्थिक उथल-पुथल मुफ्तखोरी की राजनीति के दुष्परिणामों का एक उदाहरण है।



इसमें मजबूत वित्तीय स्वास्थ्य में बाधा डालने की क्षमता है। यह राज्यों को कल्याणकारी योजनाओं से संसाधनों को राजनीति से प्रेरित एजेंडे की ओर मोड़ने के लिए मजबूर करता है। अतार्किक मुफ्तखोरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और लोकतंत्र में बाधा उत्पन्न करेगी। मुफ्तखोरी की संस्कृति स्वत: ही प्राकृतिक संसाधनों के प्रति गैर-जिम्मेदारी और संसाधनों के अति प्रयोग को बढ़ावा देगी और इससे पर्यावरण को अधिक नुकसान होगा। जैसे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी आदि। एक परिपक्व लोकतंत्र में, एक राजनीतिक दल केवल अच्छे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का ऋणी होता है, जबकि अच्छा शासन देना कठिन होता है, मुफ्त के वादों को पूरा करना सरल होता है। भारतीय मतदाता तर्कसंगत आर्थिक प्रबंधन के बजाय मुफ्तखोरी की राजनीति की ओर आकर्षित हैं, जो पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और दिल्ली में बार-बार साबित हुआ है। ?55,000 करोड़ की मुफ़्त चीज़ें पंजाब को दिवालियापन की ओर ले जा रही हैं, जो पहले से ही सबसे अधिक कर्ज़दार राज्य है, और कर्नाटक में ?62,000 करोड़ (जीएसडीपी का 3 प्रतिशत) की चुनावी गारंटी को भी इसी तरह की स्थिति मिलेगी।

मुफ़्त उपहार पॉलिटिक्स पर वित्त आयोग (एफसी) की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह राज्यों को संघीय संसाधनों के हस्तांतरण के लिए एकमात्र संवैधानिक निकाय है। ऐसी मुफ़्तखोरी की राजनीति से निपटने के लिए उसके पास शायद ही अधिकार, वैधता या क्षमता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त वस्तुओं का वितरण स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और चुनावी प्रक्रिया का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसी) को मुफ्त वस्तुओं के संदर्भ में उचित दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया। हालाँकि, चुनाव आयोग ने केवल एक अस्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान किया, जिसमें पार्टियों को वादा किए गए मुफ्त उपहारों के वित्तपोषण की योजनाओं को बताने की आवश्यकता थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का आह्वान किया, लेकिन अभी तक कुछ भी सामने नहीं आया है।

राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहारों का वादा करने से रोकना मुश्किल होगा, लेकिन जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) में संशोधन के माध्यम से सिद्धांतों का खुलासा करना अनिवार्य करके इसे कुछ हद तक हल किया जा सकता है। इसे राजनीतिक दलों के बीच सर्वसम्मति के माध्यम से केवल विधायिकाओं द्वारा ही प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकता है। भारत में मुफ्तखोरी की राजनीति की प्रवृत्ति राजकोषीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में चिंता पैदा करती है।

इस चिंता को संबोधित करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। दुर्लभ निधि को मुफ़्त चीज़ों पर खर्च करने के बजाय रोज़गार सृजन में निवेश करना महत्वपूर्ण है। यह वह प्रश्न है जिसका उत्तर अंतत: मतदाता ही दे सकते हैं। मुफ़्त चीज़ों के मुद्दे के समाधान के लिए लोकतांत्रिक जवाबदेही पर भरोसा करना महत्वपूर्ण है।

राजनीतिक दलों को राजनीतिक वादे करने से पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। हालाँकि, ऐसे वादे, भले ही उनमें कुछ मुफ्त चीज़ें शामिल हों, मुख्य रूप से तर्कसंगत और संवैधानिक कल्याण उद्देश्यों के अनुरूप होने चाहिए। इसके अलावा, राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहारों के राजनीतिक वादों को पूरा करने के लिए धन के स्रोत की घोषणा करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सूचित करना चाहिए कि क्या मुफ्त के लिए धन सरकारी खजाने से आएगा, और यदि ऐसा है तो यह केवल एक जेब से पैसा लेना और मतदाता की दूसरी जेब में डालना है, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बड़े पैमाने पर, अनियंत्रित मुफ्तखोरी संस्कृति हमारे जैसे लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की छत को हिला देती है।

मुफ़्तखोरी की संस्कृति को नियंत्रित करने वाले नियम बनाने की तत्काल आवश्यकता है, इससे पहले कि यह और अधिक विस्फोट करे और अधिक खतरनाक आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मार्ग प्रशस्त करे। अन्यथा, मुफ़्त उपहार सबसे महंगा साबित हो सकता है!

## भाग्य साहसी पुरुषों के अथक परिश्रम, मनोबल की परिणति

चीन में चल रहे एशियाई ओलंपिक में भारत ने जहां 100 पदको से ज्यादा पदक जीत लिए हैं और यह साबित कर दिया है की मेहनत, लगन, संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है भारत वासियों और सभी खिलाड़ियों को इस रिकॉर्ड तोड़ सफलता के लिए अनंत बधाइयां शुभकामनाएं। जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है। वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य सफलता का एक पहलू है। सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंद्य वस्तुत: भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता, चुनौतियां स्वीकार करता है, और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था, जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू, बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया।

## सजी हुई पुस्तकें

बॉस के एयरकंडीशन आफिस में घुसते ही तिवारी के चेहरे पर पसीना आ गया। डेस्क पर पड़ी लगभग 10 लाख के नोट और बॉस की रहस्यमय मुस्कान उसकी समझ में नहीं आई। 75 साल की उम्र में भी गजब की फुर्ती रखने वाले उसके बॉस उसके आदर्श थे। आज तक आफिस में बॉस द्वारा दिए गए वक्तव्य और मन मॉटिवेशन का महासागर था। जैसे ही तिवारी केबिन के अंदर पहुंचे, उन्हें बैठने का इनारा करते हुए उन्होंने तुरंत बोलना शुरू कर दिया, तिवारीजी, मेरी बात हो गई है, अन्य तीन मंजिल बनवाने की परमीशन मिल जाएगी। तुम भरोसे वाले आदमी हो। यह रुपया ले जाओ। रात 9 बजे होली डे इन में तुम्हारे नाम से टेबल बुक कराई है। श्रीवास्तवजी तुम्हें वहां मिलेंगे। बस, तुम्हें यह बैग उन्हें देकर उनके साथ खाना खाना है और चले आना है। इसी बहाने फाइवस्टार में खाना खा आओगे। अंतिम वाक्य बॉस ने आंख मार कर कहा था। पर सर यह तो रिश्वत है। हम ने आलरेडी दो मंजिल बना ली है। तिवारी की प्रामाणिक आत्मा को यह अच्छा नहीं लगा। तिवारी को यह कहते सुन कर देवता जैसे बॉस का उसे एक नया ही स्वरूप देखने को मिला। अरे आजकल के लड़कों को बिजनेस चलाने की समझ ही नहीं है। मुझे किसी दूसरे को भेजना पड़ेगा और एक बात याद रखना तिवारी कि यह बात बाहर गई तो तुम्हारी खैर नहीं। इस फील्ड में मेरी प्रामाणिकता की कसमें खाई जाती हैं और इसे उसी तरह कायम रखने के लिए मैं किसी हद तक जा सकता हूं। आशा है कि तुम समझ गए होगे और अब तुम जा सकते हो। गुस्से में तिवारी को जाने का इशारा कर के बॉस किसी को फोन करने लगे। केबिन से बाहर निकलते हुए तिवारी को बॉस के पीछे रखी एक सुंदर शेल्फ में कुछ किताबें दिखाई दीं। जिनके नाम थे- सत्य के प्रयोग, कर्म के सिद्धांत, प्रामाणिकता का पथ।

## पूर्वजों को श्रद्धांजलि देना ही श्राद्ध है



रमेश सर्राफ धमोरा

हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु-उपरान्त लोग विस्मृत न कर दें। इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है।

श्राद्ध हिन्दू धर्म में किया जाने वाला एक कर्म है। जो पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं।

उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं, जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं।

सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है, जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है।

भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांडों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यायित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है।

ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुन: जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुन: जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है।

भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों।

अपने पूर्वजों के निमित्त दी गई वस्तुएं सचमुच उन्हें प्राप्त होती हैं या नहीं, इस विषय में कुछ लोगों को संदेह है। हमारे पूर्वज अपने कर्मानुसार किस योनि में उत्पन्न हुए हैं। जब हमें इतना ही नहीं मालूम तो फिर उनके लिए दिए गए पदार्थ उन तक कैसे पहुंच सकते हैं? क्या एक ब्राह्मण को भोजन कराने से हमारे पूर्वजों का पेट भर सकता है? न जाने इस तरह के कितने ही सवाल लोगों के मन में उठते होंगे।

वैसे इन प्रश्नों का सीधे-सीधे उत्तर देना सम्भव भी नहीं है। क्योंकि वैज्ञानिक मापदण्डों को इस सृष्टि की प्रत्येक विषयवस्तु पर लागू नहीं किया जा सकता। दुनिया में ऐसी कई बातें हैं। जिनका कोई प्रमाण न मिलते हुए भी उन पर विश्वास करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है। गया में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है।

जो व्यक्ति गया में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गया में पिंडदान करने से सात पीढियों का उद्धार हो जाता है। गया जी को विश्व में पितरों की मुक्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ तीर्थस्थल माना गया है। गया जी में पूरे साल पिंडदान किया जाता है।

शास्त्रों में पितरों के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने का अलग महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गया जी में श्राद्ध कर्मकांड सृष्टि के रचना काल से शुरू है। वायुपुराण, अग्निपुराण तथा रूढ पुराण में गया तीर्थ का वर्णन है। भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी पर आकर फल्गु नदी में प्रेतशिला पर पिंडदान किया था। त्रेता युग में भी भगवान श्रीराम भी अपने पिता राजा दशरथ के मरणोपरांत फल्गु नदी के तट पर श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, कर्मकांड को कर पितृऋण से मुक्त हुए थे।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 09 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### मुंशी प्रेमचंद को पुण्यतिथि पर किया गया याद

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में आज कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 87वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया और उनके कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर गहन चर्चा की गयी। इस अवसर पर यहां सरस कुटीर सगरा सिटी रोड में सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके जीवन के आरंभिक सेवाकाल में प्रतापगढ़ के डिस्ट्रिक्ट स्कूल में शिक्षण कार्य करने वाले एवं प्रतापगढ़ की माटी पर साहित्य साधना करने वाले महान कथाकार के कृतित्व व व्यक्तित्व पर गहन चर्चा भी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य यकीनन आम जनमानस का साहित्य दर्पण है।उन्होंने आमजन की व्यथा एवं व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का यथार्थ लेखन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियाँ अंतिम व्यक्ति की व्यथा का सजीव चित्रण है।उनकी प्रत्येक कहानी समाज को आईना दिखाने का कार्य करती है।

### फिरोजाबाद : चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले की शिकोहाबाद पुलिस ने रविवार को चार शातिर बदमाशों को असलाह और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकोहाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गांव बिंदरखा मे चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है जो मौके पर हार जीत की शर्त लगाकर जुआ खेल रहे थे जिनके पास से ताश के पत्ते और नगदी भी बरामद की गई है। बदमाशों के पास से एक पिस्तौल और दो तमंचा के साथ 26 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। सभी के विरुद्ध विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए अपराधी रवि शर्मा दिनेश सुनील और रामनरेश राठौर जो हिस्ट्रीशीटर है इसके अलावा उनका एक साथी सोनू उर्फ सौरभ जो फरार होने में कामयाब रहा है उसके खिलाफ भी15 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा उसकी भी शीघ्र गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार बदमाश त्योहारों के मौके पर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी । वैधानिक कार्रवाई के बादगिरफ्तार बदमाशों को जेल भेजा जा रहा है।

### लखनऊ में विधवा महिला के साथ गैंगरेप

**लखनऊ।** लखनऊ के आशियाना में एक विधवा महिला की घरेलू स्थितियों का फायदा उठाकर पड़ोसी ने दोस्त के साथ मिलकर एक साल तक गैंग रेप करता रहा। शनिवार को एक विधवा महिला ने अपने ही पड़ोसी और उसके साथी पर गैंग रेप, धमकी देने और एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था और किसी से शिकायत करने पर बच्चों को मारने की धमकी दे रहे थे। आशियाना इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि निगोहा निवासी पीड़िता पति की मौत के बाद से दो बच्चों के साथ आशियाना में किराये का मकान लेकर रह रही है। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला उन्नाव निवासी अशोक सिंह से इस दौरान पहचान हो गई। करीब एक साल पहले रात वह अपने साथी के घर आया। जहां गैंगरेप करने के दौरान अश्लील वीडियो भी बना लिया। जिसको दिखाकर एक साल से ब्लैकमेल कर गैंग रेप करते आ रहे हैं। विरोध पर वीडियो वायरल करने और बच्चों को मारने की धमकी देते हैं। उसका कहना है कि 18 सितंबर इन लोगों ने बेटे को कोचिंग से आते वक्त अपहरण करने का प्रयास किया। पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना पर बेटे को छोड़कर भाग निकले।

### गोमती नदी में डूबी किशोरी का शव बरामद

बख्शी का तालाब। बीकेटी थाना क्षेत्र के कठवारा गांव में मां चंद्रिका देवी मंदिर के पास गोमती नदी में संदिग्धा हालात में एक युवती डूब गई थी। घटना के बाद गोताखोर देर रात तक उसे नदी में तलाशते रहे, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद रविवार सुबह सर्च अभियान के दौरान युवती का शव बरामद हो गया। बीकेटी पुलिस ने दो लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया है। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में मां चंद्रिका देवी मंदिर से पहले गोमती नदी पर मंझी घाट का पुल है। देर शाम लगभग साढ़े सात बजे के करीब एक युवती गोमती नदी में मंझी पुल के पास डूबने से हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना बीकेटी थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। लेकिन देर रात होने के चलते शव बरामद नहीं हो सका। रविवार सुबह युवती का शव खाटूश्यामजी मंदिर के पास नदी में मिला। युवती की पहचान बख्शी का तालाब क्षेत्र के कठवारा गांव निवासी शैलेंद्र सिंह उर्फ बुल्ले की बेटी श्रेया उर्फ कनिष्ठा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वह लखनऊ से घर कठवारा गांव लौट रहे थे।

### रंगदारी मांगने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ की पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित रमेश चन्द्र जायसवाल ने जहानागंज थाने की पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया, छह अक्टूबर को सुबह जब मैंने अपना दवाखाना खोला तो देखा कि एक पन्ना लपेटकर मेरे घर के दरवाजे पर रखा गया है। इस पत्र को खोलकर जब मैंने पढ़ा तो उसमें लिखा था कि दो लाख रुपए धर्मकांटा के पास एक गुमटी है टॉफी बिस्कुट की। वहीं पर रख देना है। ऐसा न करने पर तीन दिन के भीतर तुम्हारी हत्या हो जाएगी। पीड़ित ने जब रात में अपना सीसीटीवी चेक किया तो उसमें दिखा, गांव के जिलानी, सोनू की तस्वीर सामने आई। इस बात की जानकारी पीड़ित ने थाने में दी। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित ने जान का खतरा भी बताया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर अशोक सोनकर ने बताया, इस मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली इलियास और मोनू उर्फ जुबेर मंदे तिराहे पर हैं।

# 22 हजार नये कैमरों से सेफ सिटी पर रहेगी 'पैनी नजर'

### 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में इंटीग्रेशन के लिए कैमरों को किया गया चिन्हित



लखनऊ। प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार की ओर से युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। परियोजना के तहत सेफ सिटी पर पैनी नजर रखने के लिए करीब 22 हजार कैमरों की पहचान की गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गृह विभाग ने सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण के तहत 17 नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में इन्टीग्रेशन के लिए 21,968 कैमरों की पहचान की है, जिसमें से 15,732 को कण्ट्रोल रूम से इन्टीग्रेट किया जा चुका है। इसके अलावा नये कैमरों के लिये 4,150 हॉट स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। यहां नये कैमरे लगाने का काम जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 1861 हॉट-स्पॉट को चिन्हित कर 656 पीआरवी द्वारा पेट्रोलिंग करायी जा रही है। इस दौरान 2324 डार्क स्पॉट्स को भी चिन्हित किया गया है, जिसमें से 1416 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट स्थापित की जा चुकी है।

#### 15 हजार से अधिक सीसीटीवी को आईसीसीसी और आईटीएमएस से जोड़ा गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेफ सिटी परियोजना को लेकर हाल ही में गृह विभाग के साथ समीक्षा बैठक की थी, जिसमें उन्हे गृह विभाग के अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े गृह विभाग के शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। सेफ सिटी परियोजना पर सीएम की इसी मंशा के अनुरूप तेजी से कार्य किया जा रहा है। इनमें सरकारी और निजी सीसीटीवी, अंधेरे वाले स्थानों, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था वाले स्थानों की पहचान का काम डेडलाइन के तहत पूरा कर लिया गया है। गृह विभाग द्वारा 17 नगर निगम और गौतमबुद्ध नगर में सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी के कंट्रोलरूम से इंटीग्रेट करने के लिए 21 हजार से अधिक कैमरों को चिन्हित किया गया है। इनमें 10 नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से इंटीग्रेशन के लिए 11544 कैमरों को चिन्हित किया गया है जबकि 7 नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से इंटीग्रेशन के लिए 7285 कैमरों को चिन्हित किया गया है।

### मिर्जापुर : गंगा के पुल पर छड़ से लटका अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में गंगा नदी के पुल पर रविवार को लटके एक अज्ञात व्यक्ति के शव को पुलिस ने उतारा। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति के अनुसार आज सुबह गंगा नदी के पुल के छड़ से लटका एक अज्ञात व्यक्ति का शव लोगों द्वारा देखा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। उन्होंने ने बताया कि ऐसी संभावना है कि अज्ञात व्यक्ति चुनार में गंगा नदी में छलांग लगाकर जान देने गया लेकिन जैसे ही उसने गंगा नदी में छलांग लगाई , वह पुल में पहले से निकले छड़ में फंस गया और उसी छड़ में फंस कर उसकी मौत हो गई।वह उसी छड़ में लटका रहा। लोगों ने यह दृश्य देखकर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंच कर किसी तरह शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शिनाख्त की कार्रवाई की जा रही। शिनाख्त के बाद ही आत्म हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# केदारनाथ मंदिर में सीएम योगी ने किया दर्शन-पूजन

### जनता ने जय श्रीराम के नारे के साथ मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन



रुद्रप्रयाग। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन सीएम योगी ने सुबह ही श्रीकेदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा की। इस दौरान बाहर खड़े हजारों लोगों ने एक सुर में जय श्रीराम के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री योगी का भव्य अभिनंदन किया।

केदारनाथ हैली पैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं प्रशंसकों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश और प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी मौजूद रहे।

# वायु सेना के युद्धक विमानों का करतब देखने उमड़ा जनसैलाब

प्रयागराज। भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज एयर शो के माध्यम से अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर नीले आसमान में हैरतअंगेज करतब देखने के लिए गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम के आसपास बड़ी संख्या में लोगों का जनसमूह उमड़ पड़ा। संगम क्षेत्र में आयोजित होने वाले एशिया के सबसे बड़े एयर शो में मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीआर चौधरी उपस्थित हैं। बच्चों समेत युवाओं ने भी भारत माता की जय का जयघोष किया। भीड़ ने ताली बजाकर उसका स्वागत किया। रोमांचित नागरिक भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों के आसमान में हैरतअंगेज करतब देखने के लिए बेताब नजर आए।

इस फ्लाई पास्ट में 100 से अधिक लड़ाकू विमानों सुखोई-30, मिराज 2000, जैगुआर, एलसीए तेजस, हॉक्स, हेलीकॉप्टर चिनूक, एमआई-17, वी 5, चेतक और एएलएच, सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को आश्चर्यचकित करेंगे। इस एयर शो में पुराने विंटेज विमान टाइगर मोथ एचयू-512, हावर्ड ट्रेनर एचटी-291 और डकोटा चार चांद लगाएंगे। संगम के अलावा दारागंज, झूंसी, अरैल अन्य इलाकों में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी है।

### कौशांबी : तालाब में डूबकर युवक की मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने तालाब में उतराता एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जमाल मऊ गांव का संतलाल (30) भरवारी कस्बे से शनिवार देर शाम अपने घर लौट रहा था जैसे ही घर के पास पहुंचा घर के बगल में बने तालाब में गिर गया । संतलाल के तालाब में गिरने की सूचना घर वालों को मिली तो देर रात तक उसकी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची और देर रात तक तालाब में खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली । संतलाल का शव आज सुबहतालाब में तैरता हुआ मिला जिसे पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जौनपुर : पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर बालक की मौत, दो घायल




जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार जिले में कोतवाली क्षेत्र के बलुआ घाट मोहल्ला निवासी इकलाख अहमद (65) अपने 11 वर्षीय नाती तामीन पुत्र नजमू सहर को साथ लेकर आज सब्जी मंडी सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी चौराहे से गुजर रहे थे उसी समय मोहल्ला उर्दू बाजार निवासी आफताब आलम नामक व्यक्ति की पिकअप गाड़ी चलाने वाला चालक गाड़ी को बैक कर रहा था। उसने पिकअप को इस तरह से बैक किया कि तामीन के ऊपर गाड़ी का चक्का चढ़ गया जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि नाना इकलाख को मामूली चोट आई।

इसके अलावा मस्जिद के पास पाव रोटी की दुकान लगाने वाले मोहल्ला उर्दू बाजार निवासी नसीम उर्फ टीपू (30) पुत्र मोहम्मद शमीम अंसारी और ख्वाजा टोला मोहल्ला निवासी पंडित मणि शर्मा (68) पुत्र स्वर्गीय राम निहोर शर्मा जो सब्जी खरीदने के लिए चौराहे से गुजर रहे थे वह भी पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना होने के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की मौके पर भीड़ एकत्रित होने और शोर के साथ तामीन और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने में लग जाने के चलते पिक गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची हल्का पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए मृतक तामीन के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराऔर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के पश्चात आगे की कार्यवाही करने में जुट गई ।

गंभीर रूप से घायल पंडित मणि शर्मा की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक वी के सोनकर ने बेहतर उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया।

# बस्ती मिनी मैराथन में तीन हजार से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा



बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में रविवार को बस्ती मिनी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से कुल 3 हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

नेशनल एसोसिएशन आफ यूथ के अध्यक्ष भावेश पाण्डेय ने बताया कि बस्ती मिनी मैराथन मे शास्त्री चौक से कंपनी बाग, गांधी नगर, रोडवेज के रास्ते जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए वापस शास्त्री चौक तक 03 हजार 932 धावको ने हिस्सा लिया जिसमे से पुरुष वर्ग में अयोध्या स्टेडियम के प्रिंस राज यादव ने 16 मिनट 50 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलहंस ग्रुप एकेडमी वाल्टरगंज के अभिषेक गोविंद ने 17 मिनट 10 सेकंड दौड़ पूरी कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

वहीं अयोध्या स्टेडियम के ही अभिषेक यादव ने 17 मिनट 33 सेकंड में दौड़ पूरी कर पुरुष वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में गोविंद कलहंस एकेडमी वाल्टरगंज की डिंपल सिंह ने 21 मिनट 42 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी अकादमी की पूजा वर्मा ने 21 मिनट 49 सेकंड में दाउदपुरी का दूसरा स्थान प्राप्त किया झांसी जिले से आई छाया ठाकुर ने 23 मिनट 32 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 70 वर्षीय कोतवाल सिंह ने सबसे अधिक आयु वर्ग में दौड़ पूरी कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर सांसद हरीश द्विवेदी,भारतीय रेल सेवा की पूर्व अधिकारी आशिमा सिंह,सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, नपा नगर पंचायत राना दिनेश प्रताप सिंह, इंजीनियर वीरेंद्र मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 11 हजार, साढ़े सात हजार और पांच हजार रूपये का चेक, अंग वस्त्र, शील्ड, प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

बागपत। बागपत की खेकड़ा पुलिस पर फायरिंग कर भागे दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की तरफ से की गई फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। फिलहाल घायल अभियुक्त मुस्तफा 10 हजार का इनामी बदमाश है। जो एक्सप्रेस-वे पर तेल चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल पुलिस फरार हुए बदमाश की तलाश कर रही है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ागांव चौकी के समीप पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी तभी बाइक पर रटोल की तरफ से आए 2 बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को घेर लिया और पुलिस टीम की तरफ से की गई फायरिंग में एक बदमाश मुस्तफा जो कि पिछले करीब 2 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिस पर पुलिस ने 10 हजार का इनाम रखा था।

# अबू आसिम आजमी के 42 फ्लैट, 2 फ्लोर ऑफिस सील



**वाराणसी।** विनायक ग्रुप के मालिक और सपा के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीम ने 40 घंटे कार्रवाई की। इसमें वाराणसी में वरुणा गार्डेन, बाबतपुर एयरपोर्ट रोड और हरहुआ में इनकी बेनामी संपत्तियां मिली हैं। वाराणसी में करीब 200 करोड़ की टैक्स चोरी भी सामने आई है। देशभर में आजमी और उनके करीबियों के ठिकानों पर गुरुवार शाम से शनिवार सुबह तक छापेमारी हुई।

इनकम टैक्स की ओर से 5 वर्षों में तीसरी बार अबू आसिम आजमी के करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा गया है। मगर, कार्रवाई पहली बार हुई। वाराणसी में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। इनकम टैक्स टीम ने कार्रवाई पूरी करते हुए वाराणसी के मलदहिया स्थित विनायक प्लाजा के दो फ्लोर सीज किए हैं।

उसमें बने ऑफिस को लॉक करके चाबियां वाराणसी में इनकम टैक्स विभाग को सौंप दी गई।

शिवपुर में वरुणा गार्डेन के 42 फ्लैट सीज किए गए हैं। इनकम टैक्स ने विनायक निर्माण कंपनी के सभी बैंक खातों को भी सीज कर दिया है। इन सभी खातों में 160 करोड़ का लेनदेन मिला है। जिसके प्रिंट आउट रिपोर्ट के साथ संलग्न किए गए हैं।

# देवरिया हत्याकांड का मुख्य आरोपी अरेस्ट

### पुलिस को हत्या में इस्तेमाल राइफल भी मिली; 6 दिन बाद घर पहुंचा देवेश चौखट पर फूट-फूटकर रोया



देवरिया। देवरिया हत्याकांड में रविवार शाम पुलिस ने मुख्य आरोपी नवनाथ मिश्रा उर्फ पट्टू को भभौली तिराहे के पास से अरेस्ट कर लिया। वह अभयपूरा टोले का ही रहने वाला है। उसके पास से हत्या इस्तेमाल राइफल भी मिली है। जो प्रेम यादव के नाम से है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि राइफल से तीन राउंड फायरिंग की गई थी। पूछताछ में उसने बताया कि गोलू और संदीप, प्रेम चंद यादव की राइफल लेकर मौके पर आए थे, जिससे उसने सत्यप्रकाश समेत उनके बेटे गांधी और बेटी सलोनी को गोली मारी थी। घटना के बाद फरार हो गया था।

उधर, शनिवार को सत्यप्रकाश दुबे का बड़ा बेटा देवेश 6 दिन बाद अपने घर पहुंचा। कड़ी सुरक्षा में उसे घर ले जाया गया। इस दौरान भाजपा के कई नेता भी मौजूद रहे। पुलिस ने हत्या के बाद सील किया हुआ घर खोला। करीब एक घंटा वह वहां रहा। फिर पुलिस सुरक्षा में उसे देवरिया ले जाया गया।

दूसरी ओर, इस हत्याकांड को ब्राह्मण V/S यादव की गोलबंदी देने की सियासी होड़ को लेकर पुलिस अलर्ट है। सोशल मीडिया पर इस हत्याकांड को लेकर विवादित पोस्ट करने पर पुलिस ने विशाल यादव नाम के नेता को गिरफ्तार भी किया है। ओमप्रकाश राजभर भी रविवार को देवरिया पहुंचे। वह प्रेम यादव और सत्यप्रकाश दुबे के घर पहुंचे और उनका हालचाल लिया।

देवेश को 10 पुलिस इंस्पेक्टर और 3 कंपनी पीएसी की सुरक्षा में गांव लाया गया। घर की सील पुलिस ने खोली तो अंदर कोई भी सामान सुरक्षित नहीं मिला। हमलावरों ने सत्यप्रकाश और उनके परिवार के 5 लोगों की हत्या के बाद घर को तहस-नहस कर दिया था। घर की चौखट पर पहुंचते ही देवेश जोर-जोर से चिल्लाने लगा... हे भगवान मेरे परिवार को क्यों छीन लिया।

### मुजफ्फरनगर में 4 सड़कों का लोकार्पण

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर पालिका परिषद की ओर से विकास कार्यों को गति देने का काम अब तेजी से चल निकला है। राज्य एवं 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से शहर में स्वीकृत हुए निर्माण कार्य पूर्ण होने पर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने उनको जनता को समर्पित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। करीब 20 स्थानों पर पालिका की ओर से सीसी सड़क और आरसीसी नालियों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। इनमें से तैयार पांच सड़कों का रविवार को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों और पालिका अधिकारियों के साथ लोकार्पण किया। सड़कों के उद्घाटन के लिए वार्डों में पहुंचने पर सभासदों और नागरिकों ने उनका अभिनंदन करते हुए फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। मीनाक्षी स्वरूप ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि विकास की इस रफ्तार को रूकने नहीं दिया जायेगा।

# युवक की गर्दन रेती, फिर फंदे पर लटकाया

### सुबह नमाज पढ़कर लौटा था, चाय के लिए मां बुलाने गई पंखे पर लटकता मिला

**मेरठ।** मेरठ में एक युवक का शव घर में फंदे पर लटका मिला है। उसकी गर्दन रेती हुई है। पुलिस को हत्या करके शव फंदे पर लटकाने की आशंका है। युवक रविवार सुबह नमाज पढ़ने गया था। वहां से लौटकर घर आया। घर के अगले हिस्से में पॉवरलूम की मशीन लगी है।

वहीं, एक कमरे में शव मिला। कोतवाली सीओ अमित राय ने कहा है कि शुरुआती जांच के आधार पर हत्या की आशंका है। फिलहाल, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पूछताछ के लिए मृतक के छोटे भाई को हिरासत में लिया है।

पूरी वारदात लोहिया नगर थाना क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी गली नंबर-18 की है। मृतक की शिनाख्त शहजाद (26) के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह घर के अगले हिस्से में



मृतक शहजाद

पॉवरलूम की मशीन के लिए बड़ा हाल है। वहीं एक कमरे है। जबकि पूरा घर पीछे की ओर रहता है। वारदात के वक्त घर के लोग अंदर थे।

#### चाय पीने के लिए मां-बेटी बुलाने गई तो शव देखा

शाहजाद की मां ने बताया कि रोजाना की तरह रविवार सुबह 6 बजे शहजाद घर से नमाज पढ़ने मस्जिद गया था। वापस आया और फिर अपने कमरे में चला गया। 8 बजे तक भी वो कमरे से बाहर नहीं निकला। हम लोग घर के दूसरे कामों में लग गए। जब उसे चाय के लिए बुलाने कमरे में गए, तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो वो फांसी पर लटका हुआ था। फिर शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया।

पड़ोसियों के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पंखे से उतारा। देखा कि शव की गर्दन कटी हुई है। ऐसा लग रहा है किसी ने धारदार हथियार से पहले गर्दन को काटा। इसके बाद शव लटकाया है।

शहजाद के पिता की मौत हो चुकी है। घरवालों ने बताया कि 4 साल पहले ही शहजाद का निकाह हुआ है। शहजाद के साथ उसकी पत्नी, बच्चे पूरा परिवार इसी घर में रहता है। वहीं, फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर नमूने लिए। परिवार का कहना है कि बेटे का गला काटकर हत्या की गई है।

शहजाद के घर से मस्जिद 15 मिनट की दूरी पर है। रोज सुबह 6 बजे वह नमाज पढ़ने जाता-आता था। घरवालों के अलावा पड़ोसियों, करीबियों को ही शहजाद के रुटीन की जानकारी थी। पुलिस को आशंका है कि किसी करीबी ने घटना को अंजाम दिया है। वह घर के नक्शे को भी जानता रहा होगा। शहजाद के घर के सामने एक डॉक्टर की दुकान है। वहां सीसीटीवी लगा है। पुलिस ने सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया है।

शहजाद का छोटा भाई अकरम है। पड़ोसियों ने बताया कि अकरम को लेकर शहजाद और उसकी मां का विवाद हुआ था। अकरम ने परिवार के खिलाफ जाकर लव-मैरिज की थी।

# शार्ट न्यूज

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.8 अरब डॉलर घटकर 586.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.13 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 520.24 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 57.6 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 43.7 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.94 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

## इंदौर किराना बाजार : शक्कर-खोपरा बूरा, साबूदाना में तेजी, हल्दी मजबूत

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव मजबूत रहे। खोपरा बूरा तथा साबूदाना महंगा बिका। खोपरागोला तथा हल्दी में उठाव रहा। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार कोशक्कर 3950 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3960 से4000 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 04 से 05 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 105 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 150 से 275 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत ? खोपरा बूरा में कामकाज 2100 से 3400 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 50 रुपये प्रति 15 किलोग्राम महंगा होकर 2200 से 3450 रुपये बिका। साबूदाना में लिवाली सुधार लिए बताई गई इससे भाव ऊंचे रहे।

## इंदौर अनाज मंडी : दलहनों के साथ दालों में गिरावट

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज नरमी लिए रहा। मांग कमी से मूंग, तुअर, चना कांटा के भाव सस्ते बोले गए। दालों के भाव में गिरावट दर्ज की गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6250 से 6200 रुपये खुलने के बाद 6100 से 6250 रुपये होकर थमा। मूंग 8700 से 9700 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7500 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 8600 से 9700 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9500 से 11900 रुपये खुलने के बाद ऊपर नीचे होते हुए 9500 से 11900 बताई गई। उड़द 9000 से 9200 खुलने के बाद 8800 से 9000 , मसूर 6250 से 6300 खुलकर 6250 से 6300 रुपये होकर बंद हुई। इस बीच उड़द में नमी वाली आवक रहीं। दालों में मांग कमी से गिरावट हुई। सप्ताहांत चना, तुअर, मसूर, मूंग, उड़द दाल में भाव कमी लिए रहे। रवा, मैदा, गेहूं का आटा तथा चना बेसन में लिवाली से मजबूती बताई गई। चावल में ग्राहकी सुधार लिए बताई गई।सप्ताहांत चना, तुअर, मसूर, मूंग, उड़द दाल में भाव कमी लिए रहे। रवा, मैदा, गेहूं का आटा तथा चना बेसन में लिवाली से मजबूती बताई गई। चावल में ग्राहकी सुधार लिए बताई गई।

## सरकार ने दी पब्लिक सेक्टर के बैंकों के लिए 12 एग्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर्स को नियुक्त को मंजूरी

सरकार ने पब्लिक सेक्टर के विभिन्न बैंकों के 12 महाप्रबंधकों को कार्यकारी निदेशक (एग्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर-इडी) के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी है। सूत्रों के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शनिवार को 12 ईडी की नियुक्ति को मंजूरी दी। सरकारी आदेश के अनुसार बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबंधक संजय रुद्र को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का श्वष्ठ नियुक्त किया गया है। इसी बैंक के एक अन्य त्ररूविजयकुमार एन कांबले यूको बैंक के ईडी का पदभार संभालेंगे। सूत्रों ने बताया कि भवेंद्र कुमार जो वर्तमान में केनरा बैंक के मुख्य महाप्रबंधक हैं, उन्हें इसी बैंक का ईडी बनाया गया है। पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक विभु प्रसाद महापात्रा को बैंक के ईडी के रूप में प्रमोट किया गया है, जबकि महाप्रबंधक रवि मेहरा को पंजाब ऐंड सिंध बैंक के ईडी के रूप में प्रमोट किया गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मिश्रा अब बैंक ऑफ इंडिया के ईडी होंगे। बैंक ऑफ बड़ौदाके मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह मार्च में इंडियन बैंक के ईडी का कार्यभार संभालेंगे। वहीं इंडियन बैंक में मुख्य महाप्रबंधक रोहित ऋषि अगले महीने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ईडीका पदभार संभालेंगे।

## भारत में अप्रैल से अगस्त तक मोबाइल फोन निर्यात लगभग दोगुना होकर 5.5 अरब डॉलर रहा

भारत से चालू वित्त वर्ष में अगस्त तक मोबाइल फोन निर्यात लगभग दोगुना होकर 5.5 अरब डॉलर (लगभग 45,700 करोड़ रुपये) हो गया। मोबाइल उद्योग निकाय ICEA ने यह जानकारी दी। ICEA ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात अप्रैल-अगस्त 2023 में लगभग तीन अरब डॉलर (लगभग 24,850 करोड़ रुपये) था। नाम उजागर न करने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने 23,000 करोड़ रुपये के आईफोन निर्यात किए, जो कुल निर्यात के आधे से कुछ ज्यादा हैं। हालांकि, इस संबंध में पूछने पर एप्पल से कोई जवाब नहीं मिला। कुल मोबाइल फोन निर्यात पर इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात में 80 प्रतिशत से अधिक की भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, भारत (वैश्विक मूल्य श्रंखला) के लिए पसंदीदा स्थान बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। इस पर काम प्रगति पर है और प्रतिक्रिया सकारात्मक है। ICEA के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से फोन निर्यात दोगुना होकर 90,000 करोड़ रुपये से अधिक यानी लगभग 11.12 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 45,000 करोड़ रुपये था। सरकार को उम्मीद है कि मोबाइल फोन कंपनियां इस साल एक लाख करोड़ रुपये के उपकरण निर्यात करेंगी। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 120 अरब डॉलर निर्यात से आने की उम्मीद है।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएगी हवाई यातायात सेवाएं

### एयरपोर्ट निर्माण का 85 प्रतिशत से अधिक कार्य हुआ पूरा, एयरबस ए320 एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की भी मिलेगी सुविधा

अयोध्या, 8 अक्टूबर। भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने







श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेज-वन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण है।

भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैटङ्कवन एवम् रेसा सुविधाओं का कार्य भी शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्राफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है। एटीसी टॉवर का भी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

जिलाधिकारी के अनुसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए आने वाली रुकावटों को दूर कर दिया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट के परिचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) में शामिल विभिन्न घटकों यथा लोकलाइजर, ग्लाइड पथ, मार्कर, डीएमई आदि के समस्त चरणों का कैलिब्रेशन भी किया जा चुका है।

उन्होंने निर्माणाधीन टर्मिनल बिल्डिंग एवम् एप्रन आदि की प्रगति के संबंध में बताया कि एक एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) का कार्य पूर्ण है तथा दूसरे एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) के कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है जिसे इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा।

डीएम के अनुसार एयरपोर्ट के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आ गई हैं। एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंसिंग की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होते ही इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही अयोध्या धाम तक आने जाने के लिए श्रद्धालुओं के आवागमन की उच्च स्तर की सुविधा उपलब्ध होगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर संचालन प्रारंभ होने से एयरबस ए320 जैसे एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की सुविधा अयोध्या धाम के एयरपोर्ट पर उपलब्ध हो जाएंगी।

बता दें कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बिल्कुल उसी तरह बनाया जा रहा है जिस तरह श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। यहां तक कि उसमें भी वही पत्थर लगाए जा रहे हैं और वैसी ही नक्काशी की जा रही है। एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही यात्रियों को अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का एहसास ही नहीं होगा बल्कि उसकी झलक भी दिखाई देगी।

# हिमाचल : सेब विपणन की नई प्रक्रिया से बागवान हो रहे लाभान्वित

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सेब की बागवानी आर्थिकी का एक महत्वपूर्ण भाग है। बागवानी न केवल अर्थव्यवस्था में अपना योगदान देती है अपितु सेब से जुड़ा व्यवसाय काफी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवाता है। इस व्यवसाय से न केवल प्रदेश के बल्कि प्रदेश के बाहर के लोग भी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े हैं।



दिसम्बर 2022 में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने सत्ता संभाली और सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सत्ता सीन होते ही सरकार ने विभिन्न वर्गो के कल्याण हेतु योजनाओं पर बल देना आरम्भ किया और विशेषकर कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार ने सेब को प्रति किलो के हिसाब से खरीदने व बेचने का निर्णय लिया। हिमाचल में सेब की बागवानी को लाभकारी एवं सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से यह निर्णय अति महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से सेब को बेचने के ढ़ग में बहुत सारे परिवर्तन हुए हैं जिससे कि बागवनों के केवल एक वर्ग विशेष को ही लाभ पहुंच रहा था, किन्तु एक लघु एवं सीमांत बागवान जिसके पास बागवानी योग्य भूमि अपेक्षाकृत कम है, वह इस व्यवस्था में नुकसान उठा रहा था।

इस बीच बहुत समय से बागवानों की यह मांग थी कि सेब को किलो के हिसाब से बेचा जाए जोकि अब तक धड़े में बिक रहा था। कुछ बागवान सेब की पेटी में मनचाहे वजन का सेब भर रहे थे जबकि अंर्तराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सेब की एक पेटी में 24 किलो से अधिक सेब नहीं भरा जा सकता किन्तु हिमाचल के सेब पर इस प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं था।

श्री सुक्खू के सुयोग्य नेतृत्व में तथा बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के सहयोग से वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस दिशा में अभूतपूर्व प्रयत्न करते हुए यह निर्णय लिया कि इस वर्ष सेब को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ही पेटियों में भरा जाएगा तथा मण्डियों में प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाएगा। सरकार ने एपीएमसी व आढ़तियों को इस व्यवस्था का पालन करते हेतु कड़े निर्देश दिए साथ ही नियमों की अनुपालना न होने की स्थिति में कड़े दण्ड का प्रावधान भी किया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नई व्यवस्था का पालन ठीक प्रकार से हो बागवानी मंत्री ने सेब सीजन की शुरूआत में फल एवं सब्जियों मण्डियों का निरीक्षण किया और वहां पर हो रही गतिविधियों का जायजा भी लिया।

किसानों के जिस वर्ग हेतु इस व्यवस्था का निर्णय लिया गया है वह इस निर्णय से संतुष्ट और प्रसन्न दिखाई दे रहा है। जिला शिमला की उप तहसील जांगला के एक मध्यमवर्गीय बागवान सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा लाई गई इस व्यवस्था से इस वर्ष उन्हें सेब के दाम अपेक्षाकृत अच्छे मिल रहे हैं। सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि इस वर्ष मौसम की प्रतिकूलता के चलते उनके सेब का आकार छोटा रह गया है जिससे कि उन्हें अच्छे दाम मिलने की उम्मीद नहीं थी। क्योंकि पिछली व्यवस्था के अनुसार लार्ज, मीडियम, स्मॉल और एक्स्ट्रा स्मॉल आकार का सेब पांच तहों में भरा जाता था, जिसका वजन 27 से 28 किलो के बीच होता था। साथ ही 240 नं0 एवं 310 नं0 सेब 6 तहो में भरा जाता था जिसका वजन लगभग 32 से 34 किलो होता है। किन्तु मण्डियों में इन सब का दाम एक बराबर मिलता था जिससे कि छोटे आकार के सेब को उचित दाम नहीं मिल पा रहा था। जबकि वजन की दृष्टि से पेटी में यह सेब 6 से 7 किलो अधिक होता है। इससे बागवानों को छोटे आकार के सेब में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था।

सरकार ने वर्ष 2023 में सेब विपणन की नई व्यवस्था शुरू की है जिसके अन्तर्गत पेटी में 24 किलो से अधिक सेब नहीं भरा जा सकता, जिससे की बागवानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त हो रहा है। सुरेंद्र चौहान ने बताया कि इस व्यवस्था से उनके सेब को मण्डियों में उचित दाम मिल रहे हैं जिसके वह प्रदेश सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हैं।

जुब्बल क्षेत्र के एक और प्रगतिशील बागवान नरेश वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा सेब को किलो के हिसाब से बेचने का निर्णय काबिले तारीफ है। सेब के रंग, आकार एवं गुणवत्ता के आधार पर मण्डियों में उचित दाम मिले इसलिए यह अति आवश्यक है कि सेब को प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाए तथा एक निश्चित मात्रा में पेटियों में भरा जाए।

सरकार के इस निर्णय से न केवल बागवान लाभान्वित हुए हैं बल्कि बाहरी राज्यों के व्यापारी भी संतुष्ट नजर आते हैं। मुम्बई के सेब व्यापारी योगेश रामावत का कहना है कि उन्हें जिस उच्च गुणवत्ता वाले सेब की आवश्यकता है वह उन्हें इस व्यवस्था के माध्यम से उपलब्ध हो रहा है।

# किसानों की हर जरूरत को पूरा करने को तत्पर योगी सरकार

### रबी फसलों की अच्छी पैदावार के लिए योगी सरकार की रणनीति तैयार

लखनऊ। योगी सरकार किसानों की हर जरूरत को पूरा करने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में रबी अभियान 2023 में खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने की रणनीति तैयार कर ली है। योगी सरकार ने खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के अंतर्गत 448.66 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य तय किया है, जबकि 2022-23 में 427.83 मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ था। वहीं योगी सरकार ने यह भी तय किया है कि अधिकतम उत्पादकता वाले जनपदों के प्रगतिशील किसानों के यहां अन्य जनपदों के किसानों, वैज्ञानिकों व अधिकारियों को फील्ड विजिट या प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए।

#### रबी 2023 के तहत 448. 66 लाख मीट्रिक टन के उत्पादन का लक्ष्य

रबी 2023 में खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के अंतर्गत 134.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र आच्छादन व 448.66 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार उत्पादकता-उत्पादन को बढ़ाने व उत्पादन लागत को कम करने पर कार्य कर रही है। रबी की फसलों की बोआई समय से करने पर भी जोर है। रबी 2023 के लिए निर्धारित कुल खाद्यनान्न उत्पादन के 428.77 लाख मीट्रिक टन व तिलहन उत्पादन के 19.90 लाख मीट्रिक टन (खाद्यान्न व तिलहन के कुल उत्पादन 448.66 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य) का फसलवार विवरण भी तैयार किया है। इसके तहत गेहूं के उत्पादन का लक्ष्य 397.80 लाख मीट्रिक टन है। जौ का 6.13 लाख मीट्रिक टन, चना का 9.71 लाख मीट्रिक टन, मटर का 8 लाख मीट्रिक टन व मसूर का 6.69 लाख मीट्रिक टन, राई सरसो का 19.50 लाख मीट्रिक टन उत्पादन लक्ष्य है।

#### रबी 2023 के लिए सरकार ने मुख्य पहलुओं पर बनाई रणनीति

रबी 2023 के लिए सरकार ने कई पहलुओं पर रणनीति बनाई है। इसके तहत योगी सरकार ने कृषि निवेशों की समय पर व्यवस्था करने, फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए कलस्टर अप्रोच, फसल प्रणाली केंद्रित हस्तक्षेप दलहन, तिलहन व न्यूट्रीसिरियल्स को केंद्र में रखते हुए, फसल सघनता में बढ़ोत्तरी, बीज प्रतिस्थापन दर व प्रजाति प्रतिस्थापन दर बढ़ाने और सिंचाई जल व पोषक तत्वों के उपयोग की क्षमता को बढ़ाने पर कार्य किया है।

रबी के महत्वपूर्ण फसलों के क्षेत्राच्छादन, उत्पादन व उत्पादकता में कई जनपदों में असमानता रही। फसलवार 2022-23 में नजर दौड़ाएं तो गेहूं की अधिकतम उत्पादकता शामली में हुई। यहां कुल 48.88 कुंतल हेक्टेयर उत्पादकता रही।

# इस्राइल के तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की सभी उड़ाने रद्द

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है। 14 अक्तूबर तक के लिए यह सभी उड़ाने रद्द की गई है। एयर इंडिया के एक अधिकारी के मुताबिक लगभग 14 एयरलाइन कर्मचारी मुख्य रूप से केबिन और कॉकपिट क्रू तेल अवीव से इथियोपियाई उड़ान पर लौट आए हैं। एयर लाइन के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए तेल अवीव के लिए हमारी सभी उड़ाने 14 अक्तूबर तक बंद रहेंगी।

साथ ही बयान में कहा गया कि एयरलाइन उन यात्रियों को हरसंभव सहायता देगी, जिन्होंने इस दौरान किसी भी उड़ान में बुकिंग की है। वहीं पहले भी एयर लाइन के एक अधिकारी द्वारा कहा गया कि वह यात्रियों के संबंध में स्थिति और संभावनाओं की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं। हमास आतंकवादियों के इस्राइल पर किए गए हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी थी। शनिवार को उन्होंने कहा था कि वह इस्राइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। गाजा पट्टी से हमास द्वारा इजराइल पर शनिवार को ताबड़तोड़ पांच हजार रॉकेट दागे गए। इस दौरान हमास के कई बंदूकधारियों ने इस्राइली सैन्य वाहनों पर कब्जा कर लिया है।

# 70 प्रतिशत बजारे के आटे के मिश्रण पर शून्य जीएसटी

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने सरकार के मिलेट (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के तहत 70 प्रतिशत बाजरे के आटे के मिश्रण को खुले बेचने पर शून्य जीएसटी तथा डिब्बाबंद कर बेचने पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने का निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज यहां हुयी परिषद की 52वीं बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक के बाद श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि गन्ना किसानों के हित में तथा पशु आहार के निर्माण की लागत को कम करने के उद्देश्य से मॉलिसिस पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से मिलों के पास तरलता बढ़ेगी और गन्ना किसानों को



गन्ना बकाया का तेजी से भुगतान हो सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी क्योंकि इसके निर्माण में यह भी एक घटक है।

उन्होंने कहा कि मानव उपभोग के लिए अल्कोहलिक शराब के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) को जीएसटी से बाहर रखने का निर्णय लिया गया है। मानव उपभोग के लिए अल्कोहलिक शराब के निर्माण में उपयोग हेतु ईएनए को जीएसटी के दायरे से बाहर करने के लिए कानून में उपयुक्त संशोधन की जायेगी। औद्योगिक उपयोग के लिए रेक्टिफाइड स्पिरिट को कवर करने के लिए सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम में 8 अंकों के स्तर पर एक अलग टैरिफ एचएस कोड बनाया गया है। 18 प्रतिशत जीएसटी वाले औद्योगिक उपयोग के लिए ईएनए के लिए एक प्रविष्टि बनाने के लिए जीएसटी दर अधिसूचना में संशोधन किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि यदि विदेश जाने वाले जहाज तटीय मार्ग पर परिवर्तित होते हैं तो उन्हें जहाज के मूल्य पर 5 प्रतिशत आईजीएसटी का भुगतान करना पड़ता है। जीएसटी परिषद ने विदेशी ध्वज वाले विदेश जाने वाले जहाज को तटीय मार्ग में परिवर्तित होने पर सशर्त आईजीएसटी छूट की सिफारिश की है, जो छह महीने में विदेश जाने वाले जहाज में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंन कहा कि यह स्पष्ट करने के लिए कि एचएस 5605 के अंतर्गत आने वाले धातुयुक्त पॉलिएस्टर फिल्म/प्लास्टिक फिल्म से बने नकली ज़री धागे या धागे पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। हालाँकि, पॉलिएस्टर फिल्म (धातुकृत)/प्लास्टिक फिल्म पर कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त विभाग संभालने वाले गोवा और मेघालय के मुख्यमंत्रियों के अलावा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और वित्त मंत्रालय और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

# भारत में बिजली खपत लगभग 8 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है। सरकार का दावा है कि आने वाले दिनों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी बीच एक और उत्साह बढ़ाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में देशभर में बिजली खपत लगभग आठ प्रतिशत बढ़ी है। अप्रैल से सितंबर की अवधि में भारत में लगभग 847 बिलियन यूनिट (बीयू) बिजली खपत हुई। सरकार के अनुसार, बिजली खपत का बढ़ना देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी को दिखाता है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर 2022 के दौरान बिजली की खपत 786 बिलियन यूनिट्स थी।

इस साल 61 बीयू अधिक बिजली की खपत हुई। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अप्रैल, मई और जून में भारत के बड़े हिस्से में बेमौसम बारिश हुई। इससे बिजली की खपत पर सीधा असर पड़ा। बारिश के प्रभाव पर विशेषज्ञों का मानना है कि देश में बिजली खपत की वृद्धि दोहरे अंक में जाने की आशंका भी थी, यानी खपत 10 फीसद से अधिक भी बढ़ सकती थी।

औद्योगिक जगत की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने वाले जानकारों के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया, असामान्य रूप से उच्च आर्द्रता स्तर के कारण अगस्त में बिजली की मांग के साथ-साथ खपत में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया। पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने के कारण बिजली की खपत तेजी से बढ़ी।

ये भी रोचक है कि बिजली की डिमांड बढ़ने के साथ-साथ उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का दबाव भी बढ़ा। इस अवधि में कई राज्यों में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 500 से 1000 रुपये से अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ा। कॉमर्शियल यूनिट में बिल और भी अधिक आए।

जानकारों का मानना है कि अगस्त और सितंबर में बिजली की खपत बढ़ी, मुख्य रूप से आर्द्र मौसमऔर त्योहारी सीजन से पहले औद्योगिक गतिविधियां भी बढ़ी, नतीजतन बिजली से चलने वाले उद्योगों के सीधे असर के कारण बिजली की खपत बढ़ी।

आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि अप्रैल-सितंबर 2023 के दौरान बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावॉट के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक जा पहुंची।

पिछले साल इसी अवधि में यानी वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में बिजली की अधिकतम डिमांड 215.88 गीगावॉट थी।

## इन्दौर. खाद्य तेल : मूंगफली तेल में गिरावट, सोयाबीन रिफाइंड में मांग

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से मूंगफली तेल के भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड एवं पाम तेल में खरीदी रही। आवक कमी से तिलहन मजबूत रहे। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1730 से 1750 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1660 से 1680 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 870 से 875 रुपये पर खुलकर 855 से 860 रुपये बिका। पाम तेल 870 से 875 रुपये खुलकर 865 से 870 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

# देश की पहली बड़ी निजी सोने की खदान में अगले साल से शुरू होगा उत्पादन

नई दिल्ली। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) हनुमा प्रसाद ने कहा कि आंध्र प्रदेश में देश की पहली बड़ी निजी सोने की खदान में पूर्ण पैमाने पर उत्पादन अगले साल के अंत तक शुरू हो जाएगा। प्रसाद ने कहा कि जोन्नागिरी स्वर्ण परियोजना को लेकर शुरुआती स्तर पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। काम पूरा होते ही उत्पादन शुरू हो जाएगा, जिसके बाद प्रति वर्ष करीब 750 किलोग्राम सोने का उत्पादन होगा। डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड (डीजीएमएल) कंपनी की जियोमिसोर सर्विसेज इंडिया लिमिटेड



में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो जोन्नागिरी में निजी क्षेत्र की पहली सोने की खदान पर काम कर रही है। बता दें, खदान में अब तक कुल करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। वर्तमान में प्रति माह लगभग एक किलोग्राम सोने का उत्पादन कर रही है। सोने की खदान आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में तुग्गली मंडलम के भीतर जोन्नागिरी, एर्रागुडी और पगदिराई गांवों के पास स्थित है। प्रसाद ने बताया कि भारतीय खदान में, जोन्नागिरी परियोजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल अक्तूबर-नवंबर के आसपास यहां उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि किर्गिस्तान में कंपनी की एक अन्य सोने की खनन परियोजना के तहत उत्पादन 2024 अक्तूबर या नवंबर में शुरू होने की संभावना है। उसमें डीजीएमएल की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 09 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### एशियाई खेलों में रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े एथलीटों ने जीते 12 पदक

मुंबई। चीन के हांगझोउ में हुए 19वें एशियाई खेलों में रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े एथलीटों ने 12 पदक जीते है। एशियाई खेलों में भारत के 107 पदों की विशाल जीत पर खुशी जाहिर करते हुए रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, 100 से अधिक मेडल्स जीतने पर टीम इंडिया को बधाई! एशियन गेम्स में हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है। हमें रिलायंस फाउंडेशन के युवा एथलीट्स पर भी बहुत गर्व है। जिन्होंने एशियाई गेम्स में 12 से अधिक मेडल्स जीते हैं। किशोर जेना, ज्योति याराजी, 17 साल की पलक गुलिया और रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े हुए सभी एथलीट्स को भी बहुत बधाई। रिलायंस फाउंडेशन हमेशा टीम इंडिया के साथ खड़ा रहेगा। बस आप भारत का गौरव यूंही बढ़ाते रहें। रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े जिन 12 एथलीट्स ने पदक जीते हैं उनमें से लवलीना बोरगोहेन और किशोर जेना ने पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का कर लिया है। एशियाई खेलों में रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने ट्रैक पर भी अपनी चमक बिखेरी।

### प्रधानमंत्री ने पिछले 60 वर्षों में एशियाई खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पिछले 60 वर्षों में एशियाई खेलों में 107 पदकों के साथ भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, खिलाड़ियों के अटूट दृढ़ संकल्प, निरंतर भावना और कड़ी मेहनत की सराहना की। प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, एशियाई खेलों में भारत के लिए बहुत बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि! समस्त देश इस बात से बेहद प्रसन्न है कि हमारे असाधारण एथलीटों ने अब तक के सर्वाधिक 107 पदक जीते हैं, जो पिछले 60 वर्षों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हमारे खिलाड़ियों के अटूट संकल्प, अथक उत्साह और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है। उनकी जीत ने हमें स्मरण रखने के क्षण प्रदान किए हैं, हम सभी को प्रेरित किया है और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि भारत ने 19वें एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य समेत कुल 107 पदक जीते है जोकि भारत का इन खेलों में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

### धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

नयी दिल्ली। श्रीलंकाई टीम पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के चौथे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम ने शनिवार को खेले गए मैच में निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। इस कारण आईसीसी के मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने उस पर यह जुर्माना लगाया हैं। शनाका ने अपनी गलती स्वीकार कर ली, इसलिए इस मामले में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। उल्लेखनीय है कि आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### ब्लैटर ने छह देशों में फुटबॉल विश्व कप आयोजित किये जाने के फैसले की आलोचना की

बर्न। फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर ने अगला फुटबॉल विश्वकप तीन महाद्वीपों के छह देशों में आयोजित किये जाने के संचालन समिति के फैसले की आलोचना की है। ब्लैटर ने स्विस अखबार सोनटैग्सब्लिक से कहा, इस तरह से टूर्नामेंट को छिन्न-भिन्न करना बेतुका है। उन्होंने कहा कि विश्व कप फाइनल एक संक्षिप्त आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन की पहचान, संगठन और आगंतुकों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अखबार से कहा, ऐतिहासिक कारणों से 2030 का विश्व कप विशेष रूप से दक्षिण अमेरिका में होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ब्लैटर 1998 से 2015 तक फीफा अध्यक्ष रहे थे। फीफा ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि मोरक्को, स्पेन और पुर्तगाल को 2030 टूर्नामेंट का मेजबान नामित किया गया है, जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे भी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों की मेजबानी करेंगे।

### सभी शैक्षणिक संस्थानों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: सिंह

शिमला। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह रविवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में आयोजित जिला स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के उपरांत अपने संबोधन में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में जिलाभर से आए स्कूली छात्रों तथा उनके खेल कोचो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार-जीत जीवन के दो पहलू है, इसलिए हारने वाली टीम अपना हौसला न तोड़े, जीत का जज्बा बनाए रखें और पुन: अभ्यास कर अगले साल होने वाली खेलों में अवश्य जीत हासिल करे। इसके अतिरिक्त, बच्चों में आपसी मिलाप को बढ़ाने के लिए भी खेलकूद प्रतियोगिताएं आवश्यक है इसलिए सभी बच्चे अपने-आप को फिट व स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लें।

### जम्मू-कश्मीर ने दूसरी बार जीता राष्टीय शारीरिक दिव्यांग टी-20 क्रिकेट खिताब

जयपुर। जम्मू-कश्मीर ने रविवार को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय दिव्यांग चौंपियनशिप के फाइनल मुकाबले मुम्बई को हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया है। फील्ड क्लब मैदान पर हुए चौंपियनशिप के फाइनल में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में जम्मू-कश्मीर ने 162 रन बनाए। मुंबई की टीम 20 ओवर में 132 बना ही सकी। जम्मू-कश्मीर ने अनुशासनात्मक गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के चलते यह मुकाबला 35 रन से जीतकर दूसरी बार खिताब पर कब्जा किया। जम्मू-कश्मीर के मैन ऑफ द मैच माजिद ने शानदार पारी खेलते हुए 21 बॉल में 37 रन बनाये और साथ ही चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट चटकाये। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी अजय सिंह राठौड़ ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पांच लाख का चेक प्रदान किया। उपविजेता मुंबई टीम को तीन लाख का चेक प्रदान किया। राठौड ने कहा कि मैच में जो हौसला और जुनून खिलाड़ियों ने दिखाया, उससे इन खिलाड़ियों को उस मुकाम तक पहुंचने की हमारी उम्मीद जल्दी पूरी होगी, जहां दुनिया में हमारी इंडियन टीम परचम फहरा रही है।

### एशियन गेम्स में भारत का प्रदर्शन असाधारण

लखनऊ। एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोमांचकारी, ऐतिहासिक और असाधारण क्षण करार दिया। उल्लेखनीय है कि एशियन गेम्स के अंतिम दिन भारतीय खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण समेत कुल 12 पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही भारत ने 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य समेत कुल 107 पदकों के साथ एशियन गेम्स में अपने अभियान का समापन किया। यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले जकार्ता एशियन गेम्स में भारतीय टीम ने सर्वाधिक 70 पदक जीते थे। योगी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर लिखा, खेल जगत में भारत की यात्रा का सबसे रोमांचकारी, ऐतिहासिक व असाधारण क्षण। भारत ने एशियन गेम्स में पदकों का शतक पूरा कर लिया है। देशवासियों को ढेरों बधाई। उन सभी एथलीटों का हार्दिक अभिनंदन, जिनके प्रयासों से यह अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त हुई है। आप सभी देश का गौरव हैं। जय हिंद। उन्होने प्रत्येक स्वर्ण पदक पर भारतीय टीम और खिलाड़ी को बधाई दी।

# राहुल और विराट की अर्धशतकीय पारी, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया

चेन्नई। भारत ने आज यहां शुरुआती झटकों से उबरते हुए विकेटकीपर केएल रहुल के नाबाद 97 रनों और विराट कोहली की 85 रनों की धैर्यपूर्ण अर्धशतकीय पारी की बदौलत आईसीसी विश्वकप के पांचवें एकदिवसीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया है।

भारत ने 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती तीन झटकों से उबरते हुए विकेटकीपर केएल राहुल 115 गेंदों में 97 रन ओर विराट कोहली के 116 गेंदों में 85रनों की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत आस्ट्रेलिया को 37.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया है। भारत को पहले ओवर की चौथी गेंद पर स्टार्क ने ओपनर इशान किशन को शून्य पर कैमरन ग्रीन के हाथों कैच आउट करा कर पहला झटका दिया। भारत अभी इस झटके से उबरा भी नहीं था कि दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर हेजलवुड ने कप्तान रोहित शर्मा को शून्य पर पगबाधा आउट कर चलता कर दिया। इसके बाद इसी ओवर की छठी गेंद पर श्रेयस अय्यर शून्य को हेजलवुड ने वार्नर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरा झटका दिया। चौथे विकेट के रूप में विराट कोहली 85रन का विकेट गिरा। उन्हें हेजलवुड ने मार्नस के हाथों कैच आउट कराया। उस समय भारत का स्कोर 35वें ओवर में चार विकेट पर 167 रन था। इसके बाद केएल राहुल और हार्दिक पंड्या 11 रन नाबाद की जोड़ी ने 201 रन बनाकर मैच जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉश हेज़लवुड ने 38 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि मिचेल स्टार्क को एक बल्लेबाज को आउट किया।




इससे पहले रवींद्र जाडेजा, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह की सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में 199 रन पर ढ़ेर कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने शुरु से ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजो को खुलकर खेलने नहीं दिया। तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने मिचेल मार्श को शून्य पर कोहली के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर महज पांच रन था। इसके बाद 17 ओवर की तीसरी गेंद पर कुलदीप ने डेविड वॉर्नर को 41 रन पर अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। जाडेजा ने 28वें ओवर की पहली गेंद पर स्टीव स्मिथ 46 को बोल्ड आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। मार्नस लाबुशेन 27 रन को जाडेजा ने 29वें ओवर की दूसरी गेंद पर केएल राहुल ने कैच आउट कर दिया। इसी ओवर में चौथी गेंद पर एलेक्स कैरी शून्य को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। ग्लेन मैक्सवेल 15 रन को कुलदीप ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद गेंदबाजी करने आये आर अश्विन ने कैमरन ग्रीन आठ रन को हार्दिक के हाथों कैच आउट करा दिया। 43वें ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने पैट कमिंस 15 रन को श्रेयस के हाथों कैच आउट कर ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका दिया। ऐडम जैम्पा छह रन को हार्दिक ने कोहली के हाथों कैच कराकर आउट किया। सिराज ने मिचेल स्टार्क 28 रन को श्रेयस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर हार्दिक ऐडम जैम्पा छह रन को कोहली के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को 199 रन के स्कोर पर समेट दिया। जॉश हेज़लवुड एक रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत की ओर से रवींद्र जाडेजा ने 28 रन देकर तीन विकेट, कुलदीप यादव 42 रन देकर दो विकेट, जसप्रीत बुमराह 35 रन देकर दो विकेट तथा रवि अश्विन, हार्दिक पंड्या और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 40 साल बाद मुंबई में होगा आईओसी सत्र

नयी दिल्ली। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई 15 से 17 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र की मेजबानी करेगी। इसे ओलंपिक खेलों को भारत लाने के प्रयासों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

आईओसी सत्र, ओलंपिक खेलों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च बॉडी है। जिसमें ओलंपिक चार्टर को अपनाना या संशोधित करना, आईओसी सदस्यों और पदाधिकारियों का चुनाव करना और ओलंपिक के मेजबान शहर का चुनाव शामिल है। जैसे क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने की चर्चा जोरों पर है और अगर इसे 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल करने का फैसला होता है, तो इसकी घोषणा मुंबई के आईओसी सत्र में ही होगी। इस सत्र के दौरान भारत आने वाली दुनिया की जानी मानी खेल हस्तियों में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के प्रेसिडेंट थॉमस बाख, फुटबॉल की दुनिया की सबसे बड़ी संस्था, फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फैनटिनो, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन के प्रेसिडेंट सेबस्टियन को, मोनाको के राजकुमार अल्बर्ट द्वितीय और पोल वॉल्ट चैंपियन येलेना इसिनबायेवा इस लिस्ट में शामिल हैं।

पिछले वर्ष फरवरी में नीता अंबानी जब बीजिंग में ओलंपिक सत्र की मेजबानी के लिए बिडिंग कर रही थी तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि भारत के पक्ष में इतनी जबर्दस्त वोटिंग होगी। इस वोटिंग में कुल 76 वोटों में से 75 भारत को मिले।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

ब्रिस्बेन। तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज की महिला टीम को रिकार्ड 83 रनों पर ढ़ेर करने के बाद एकतरफा अंदाज में 14.5 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया।

84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान अलिसा हीली 36 गेंदों में 38 रन और उनकी साथी ओपनर फ़ीबी लिचफ़ील्ड 16 ने अच्छी शुरुआत की। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के 10.1 ओवर में 57 रन बनाये। हीली को फ्रेजर ने विलियम्स के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद दूसरे विकेट के रूप में फ़ीबी लिचफ़ील्ड को रामहैरक की गेंद पर कैंपबेल ने कैच आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी ने 13 गेंदों पर नाबाद 20 रनों तथा बेथ मूनी नाबाद छह रन ने ऑस्ट्रेलिया को 15 ओवर में टीम का स्कोर 87 रन कर उसे जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने 121 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीता है।




वेस्टइंडजी की ओर फ्रेजर और रामहैरक को एक-एक विकेट मिला। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों ने सात-सात रन अतिरिक्त के रूप में दिये।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उत्तरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 6.3 ओवर में महज पांच रन पर तीन विकेट गवां दिये। ओपनर जायडा जेम्स तीन रन को शूट की गेंद पर गार्डनर ने कैच आउट किया।

उसके बाद गार्थन ने जेनाबा जोसेफ़ शून्य पर अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गार्थ ने रशादा विलियम्स शून्य को पेरी के हाथों कैच आउट कराया।

वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाली आलिया ऑलेन 39 गेंदों में 35 रन को गार्थ ने हीली के हाथों स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। इससे पहले स्टेफ़ानी टेलर 12 रन का ब्राउन की गेंद पर हीली ने स्टंप के पीछे कैच पकड़ा। कप्तान शमैन कैंपबेल 14 रन को गार्डनर ने वेयरहम के हाथों कैच आउट कराया। वेस्टइंडीज की ओर से चार खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल सके और केवल तीन खिलाड़ी ही दहाई अंक से ऊपर स्कोर कर सके। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 27.3 ओवर में 83 रन पर ढ़ेर हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से किम गार्थ ने आठ रन देकर तीन विकेट, एश्ली गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने दो-दो विकेट तथा डार्सी ब्राउन और मेगन शूट ने एक-एक बल्लेबाज का आउट किया।

# अफगानिस्तान में भूकंप से 2000 से ज्यादा की मौत

**हेरात के 6 गांव पूरी तरह तबाह हुए; 3 घंटे में 6 आफ्टर शॉक आए**

अफगानिस्तान में शनिवार दोपहर को आए 6.3 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा 2,053 के पार हो गया है। वहीं, घायलों की संख्या 9,000 के पार चली गई है। भूकंप की वजह से लगभग 6 गांव नष्ट हो गए हैं और सैकड़ों नागरिक मलबे के नीचे दब गए हैं। 3 घंटे के अंदर यहां 6 आफ्टर शॉक भी आए थे। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हेरात शहर से करीब 40 किमी की दूरी पर था।

अलजजीरा के मुताबिक, अफगानिस्तान की इन्फॉर्मेशन मिनिस्ट्री के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान ने कहा कि हेरात में भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा बताई गई संख्या से ज्यादा है। उन्होंने मलबे में फंसे लोगों की मदद करने की अपील की है।



### अफगानिस्तान में भूकंप से 465 घर तबाह

तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने भी NGO से लोगों के लिए जल्द से जल्द टेंट, खाना और दवाइयों की मांग की है। वहीं मानवीय मामलों के लिए बने यूएन ऑफिस के एक अपडेट में कहा गया है कि 465 घर तबाह हो गए हैं। इसके अलावा 135 घरों को नुकसान पहुंचा है। अफगानिस्तान के समय के मुताबिक, भूकंप शनिवार सुबह करीब 11 बजे (भारतीय समय से 12 बजे) आया था। शुरुआती दौर में मरने वालों की संख्या 100 ही बताई गई थी। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, अफगानिस्तान में आए आफ्टर शॉक्स की तीव्रता 4.6 से 6.3 के बीच रही।

### 2022 के भूकंप में मारे गए थे 1 हजार लोग

इससे पहले अफगानिस्तान में 14 सितंबर को भी 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था। मार्च में अफगानिस्तान में आए भूकंप में करीब 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 300 लोग घायल हुए थे। अफगानिस्तान में आखिरी बड़ा भूकंपी जून 2022 में आया था। इसकी तीव्रता 6.1 रही थी। पक्तिका प्रान्त में आए भूकंप में करीब हजार लोगों की मौत हुई थी। वहीं 1500 लोग घायल हो गए थे।

# इजराइल का आयरन डोम 5 महीने में दूसरी बार फेल

**दावा था- हमले रोकने में यह 94 प्रतिशत कारगर; लेकिन मई में 60 प्रतिशत ही काम कर पाया**

**तेल अवीव।** 7 अक्टूबर की सुबह हमास ने एक के बाद एक 5000 रॉकेट इजराइल पर दागे। इजराइल का आयरन डोम नाम का एयर डिफेंस सिस्टम इन हमलों को रोक नहीं पाया। ऐसा 5 महीने में दूसरी बार हुआ है जब आयरन डोम फेल हो गया।

10 मई 2023 को जब इजराइल के दक्षिणी इलाके में हमास ने मिसाइलें दागीं, तब भी ये नाकाम हुआ था। हवाई हमलों से बचने के लिए इजराइल ने 2011 में आयरन डोम तैयार किया था। तब इसे दुनिया का सबसे भरोसेमंद एयर डिफेंस सिस्टम बताया गया था। ये भी दावा किया गया था कि इसका सक्सेस रेट 94त्न है।

मई में हुए हमले के बाद जांच में पता चला था कि आयरन डोम के हार्डवेयर 2011 के बाद से अपडेट नहीं हुए,



जबकि सॉफ्टवेयर में बार-बार अपडेट किए गए। यरुशलम पोस्ट ने भी एक आर्टिकल में दावा किया था कि मई के हमले में आयरन डोम का इंटरसेप्शन सक्सेस रेट सिर्फ 60 प्रतिशत था।

आयरन डोम पर ब्रॉक यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर माइकल आर्मस्ट्रॉन्ग बताते हैं कि कोई भी मिसाइल सिस्टम पूरी तरह भरोसेमंद नहीं होता। अब हमले का रूप बदल रहा है।

### 2006 में एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम बनाने की घोषणा हुई थी

इजराइली फर्म राफेल एडवांस डिफेंस सिस्टम और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री ने बनाया है। 2006 के इजराइल-लेबनान युद्ध के दौरान हिजबुल्लाह ने इजराइल पर हजारों रॉकेट दागे थे।

इसके बाद इजराइल ने नया एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम बनाने की घोषणा की, जो उसके लोगों और शहरों की रक्षा करे। इसी के तहत इजराइल ने आयरन डोम को डेवलप किया। और 2011 में ये पहली बार सर्विस में आया। इस सिस्टम को बनाने में अमेरिका ने इजराइल को तकनीकी और आर्थिक मदद दी है।

### इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में 313 फिलिस्तीनी, 300 इजरायली मारे गए

गाजा/यरूशलम। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच का संघर्ष दूसरे दिन में प्रवेश कर चुका है। इस दौरान गाजा में इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 313 हो चुकी है जबकि हमास के हमले में 300 इजरायली की मौत हुई है और 1,800 से ज्यादा घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि शनिवार रात, इजरायली युद्धक विमानों ने तटीय एन्क्लेव में विभिन्न जगहों पर सैन्य और नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाना जारी रखा। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किदरा ने कहा कि इजरायल ने आवासीय स्थानों पर कुछ हमला बिना किसी चेतावनी के किया जिससे मृतकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई।

### गोलीबारी के जवाब में 'लेबनान के क्षेत्र' में किया जा रहा है हमला: आईडीएफ

बेरूत। इज़राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि वह क्षेत्र से गोलीबारी के जवाब में लेबनान के क्षेत्र पर हमला कर रहा है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, आईडीएफ आर्टिलरी वर्तमान में लेबनान के उस क्षेत्र पर हमला कर रही है जहां से गोलीबारी की गई थी, आईडीएफ ने कहा कि वह इस प्रकार की संभावना के लिए तैयारी के उपाय कर रही है और सभी क्षेत्रों में और किसी भी स्थान पर काम करना जारी रखेगी। इजरायली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय आवश्यक है। लेबनानी प्रसारक अल मयादीन ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में कफ़रचौबा गांव इज़रायल की गोलबारी का शिकार हुआ। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उसने आतंकवादी फंडिंग के लिए हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित दो बैंकों पर हमला किया है, उनमें इस्लामिक नेशनल बैंक शामिल है जो आतंकवादी गतिविधि को वित्त पोषित करके संगठन की सेवा करता है, और संगठन से संबंधित फर्स्ट बैंक। आईडीएफ ने गाजा शहर में इस्लामिक जिहाद आंदोलन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हवाई हथियार उत्पादन स्थल और हथियारों और सैन्य उपकरणों के भंडारण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत पर भी हमला किया है। आईडीएफ ने कहा कि उसने गाजा पट्टी में हमास आंदोलन के खुफिया मुख्यालय और एक सैन्य परिसर पर हमला किया है।

### तिब्बत में माउंट शिशापंगमा हिमस्खलन के बाद दो की मौत, दो लापता

ल्हासा। दक्षिण पश्चिम चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में माउंट शिशापंगमा में शनिवार दोपहर को हिमस्खलन हुआ, जिससे दो पर्वतारोहियों की मौत हो गई, दो लापता हैं और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, क्षेत्रीय खेल ब्यूरो ने यह जानकारी दी। बचावकर्मियों के अनुसार, हिमस्खलन 7,600 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर हुआ। प्रारंभिक जांच से पता चला कि एक अमेरिकी पर्वतारोही और एक नेपाली पर्वतारोही की मौत हो गई, एक अन्य अमेरिकी पर्वतारोही और नेपाली पर्वतारोही लापता है। एक नेपाली पर्वतारोही गंभीर रूप से घायल हो गया। हिमस्खलन के तुरंत बाद बचावकर्मियों को माउंट शिशापंगमा के आधार शिविर में भेज दिया गया और सभी चढ़ाई गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है। शनिवार शाम तक गंभीर रूप से घायल नेपाली पर्वतारोही खतरे से बाहर बताया जा रहा है और बचाव दल उसे नीचे ले जा रहा है। शिगाज़े के अंतर्गत न्यालम काउंटी में स्थित, माउंट शिशापंगमा 8,000 मीटर से अधिक ऊंचा एकमात्र पर्वत है जो पूरी तरह से चीन के भीतर स्थित है।

### इज़राइल के रक्षा मंत्री ने पूरे इज़राइल में 'विशेष सुरक्षा स्थिति' बढ़ाई

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने आदेश दिया है कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढ़ने के बीच देश के पूरे क्षेत्र में विशेष सुरक्षा स्थिति का दर्जा बढ़ाया जाए। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया है, परिचालन आकलन के बाद, रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने आज शाम (शनिवार, 7 अक्टूबर 2023) विशेष सुरक्षा स्थिति का विस्तार किया है - यह स्थिति अब इज़राइल के संपूर्ण क्षेत्र पर लागू होती है। यह उपाय इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) को नागरिकों को सुरक्षा निर्देश प्रदान करने और सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुसार सार्वजनिक साइटों को बंद करने में सक्षम करेगा। आईडीएफ ने रविवार को कहा कि नाहल ब्रिगेड के कमांडर, 42 वर्षीय कर्नल जोनाथन स्टाइनबर्ग संघर्ष के दौरान मारे गए। आईडीएफ ने उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उनका समर्थन करने का वादा किया। इस बीच हारेत्ज़ अखबार ने बताया कि दक्षिणी इज़राइल में बेरी के किबुत्ज़ में फिलिस्तीनी बलों द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली नागरिकों को कई घंटों के बाद रिहा कर दिया गया। अखबार ने यह भी बताया कि आईडीएफ द्वारा गाजा पट्टी के बाहरी इलाके में कई बस्तियों पर नियंत्रण हासिल करने की घोषणा के बाद इजराइल में पांच स्थानों पर झड़पें जारी थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### मेरा प्रदेशवासियों से अद्भुत रिश्ता : शिवराज

सीहोर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उन्होंने सरकार नहीं परिवार चलाया है, भैया और मामा बनकर ही मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। उनका प्रदेशवासियों से अद्भुत रिश्ता है। चौहान जिले के ग्राम जहाजपुर (बुधनी) में जन-संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासी जमुना बाई को शाल, श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। चौहान जब पहली बार विधायक के चुनाव के लिए जनसम्पर्क कर रहे थे, तब जमुना बाई ने उन्हें चुनाव लड़ने में अपने योगदान और सहयोग के रूप में 2 रूपए भेंट करते हुए, सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया था। मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया। इसके अंतर्गत ग्राम बायां में 2 सामुदायिक भवन और 2 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत से बनने वाली रिटेनिंग वॉल, मट्ठा गांव में पंचायत भवन, मांगलिक भवन, ग्राम मरहानपुर में मांगलिक भवन और मछुआरा भवन तथा शिव मंदिर के समीप सामुदायिक भवन और जनोपयोगी सुविधाओं के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया गया। साथ ही ग्राम नीमखेड़ी में सामुदायिक भवन, ग्राम फुलाड़ा और मोगरा में आँगनवाड़ी भवन, ग्राम भड़कुल में पंचायत भवन, सलकनपुर में कोरकू समुदाय के लिए सामुदायिक भवन तथा जहाजपुर में मांगलिक भवन का भूमि-पूजन किया।

### अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग




नई दिल्ली। अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग की आवाज़ को बुलंद करते हुए दिल्ली जंतर मंतर पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा आगरा के पूर्व जिलाध्यक्ष बॉबी यादव प्रधान जामपुर आगरा के पिछले 6 दिन में आगरा पैदल चलकर दिल्ली प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन देने पहुंचे। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री जयभगवान यादव जी के मार्गदर्शन में, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव यादव जी के नेतृत्व मे प्रवीण यादव जी, श्री प्रकाश यादव जी, सरोज यादवजी, प्रदीप यादव जी, गीता यादव, वर्षा यादव, रविन्द्र यादव, राहुल यादव, कृष्ण यादव, दीपक यादव, विमल यादव जी व अन्य साथियों ने श्री बाबी यादव जी और उनके साथियों का स्वागत किया। संजीव यादव जी ने अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को ओर अधिक मजबूत करने के लिए श्री बाबी यादव जी द्वारा इस जागरूकता अभियान के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर गाजियाबाद से श्री के पी यादव जी व उनके साथी भी उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में श्री बाबी यादव जी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में अपना ज्ञापन सौंपा।

### शिक्षा माफियाओं की हक़ीक़त बताने 10 तारीख को विद्यापीठ लेकर आ रहे हैं अरविंद अकेला कल्लू .!




भारतीय सिनेमा जगत में बहुत सारी फिल्में बहुत सारे विषयों पर बनी है लेकिन अब तक कोई भी फ़िल्म शिक्षण क्षेत्र में फैले व्यापक भ्रष्टाचार को मद्देनजर रखकर नहीं बनाई गई। अब आगामी 10 तारीख़ को ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन चैनल पर रिलीज़ होने जा रहे विद्यापीठ के ट्रेलर के साथ लोगों को यही उम्मीद है कि इस फ़िल्म से शायद हमें उस नेक्सस के बारे में कुछ बेहतर देखने को मिलेगा। तो अब इस बात के लिए इंतज़ार करना पड़ेगा कि इस फ़िल्म का विषय वस्तु क्या है। क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में लव स्टोरी तो आपने स्टूडेंट ऑफ द ईयर में देखा होगा या फिर शिक्षण संस्थान में लव स्टोरी को लेकर रांझणा, और नामांकन घोटाले को लेकर फालतू भी। लेकिन इस विद्यापीठ में शिक्षा के किस मॉड्यूल को सेंट्रलाइज्ड करके फ़िल्म का ताना बाना बुना गया है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन एक बात तो अभी से ही स्पस्ट है कि यह फ़िल्म बाकी की भोजपुरी फिल्मों के कॉन्सेप्ट से अलग और यूनिक है। शिक्षा के क्षेत्र में फैले व्यापक क्राइम को कल्लू के अभिनय के साथ देखने का अलग ही आनंद होगा, क्योंकि कल्लू आजकल अधिकतर यूनिक कॉन्सेप्ट को लेकर ही फिल्में कर रहे हैं। वे टाइपकास्ट होकर फिल्में नहीं करना चाहते। कल्लू का मानना हैं कि फिल्मों में मनोरंजन के साथ साथ सन्देश भी होना चाहिए। फ़िल्म विद्यापीठ का निर्देशन कर रहे हैं निर्देशक योगेश राज मिश्रा जिन्होंने इसके पहले खेसारी लाल यादव को लेकर दबंग सरकार बनाई थी।

# नवरात्रि दशहरा मेला के बाबत घोरावल में शान्ति समिति की बैठक हुई अयोजित




सोनभद्र। जनपद के नगर घोरावल में आहूत शांति समिति की बैठक में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, तहसीलदार घोरावल अश्वनी कुमार, प्रभारी थाना निरीक्षक अपराध मनोज कुमार, चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह व अन्य पुलिस बल तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव, कस्बा घोरावल के व्यापारी बंधु व थाना क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार बंधु, ग्राम प्रधान एवं आगामी त्योहारों में कार्यक्रम के आयोजक गण एवं अन्य गणमान्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक के विषयगत प्रसंग पर परिचर्चा करते विज्ञ कराया गया कि घोरावल थाना क्षेत्र में लगभग 28 जगह पर दुर्गा प्रतिमा स्थापना तथा 5 से 7 स्थान पर रावण दहन तथा मेले का कार्यक्रम होना है। आयोजकों से अनुरोध किया गया समय से कार्यक्रम की अनुमति प्राप्त कर करने एवं कार्यक्रम में दिए गए दिशा निर्देशों का यथाविधि अनुपालन करने को। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि त्यौहार को त्यौहार की भावना एवं आस्था सभी लोगों में सन्निहित हो एवं आयोजक मण्डल एवं सभी सहभागी पर्वोत्सव मनाने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। थाना प्रभारी घोरावल एवं उपस्थित हल्का प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि उनके हलके में जहां-जहां भी प्रतिमा स्थापना की जा रही है एवं कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है वहां भ्रमण कर लें एवं मौके की स्थिति से का सही आंकलन करें तथा कार्यक्रम के आयोजकों से लगातार संपर्क में रहे।

कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा समस्त कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न करने का आश्वासन देते हुए विद्युत विभाग को विद्युत की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत कराने व विद्युत विभाग को निर्देशित करने की बात कही गई। इसके विषय में तहसीलदार द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया गया है।

# कांग्रेस विधायक सचिन बिरला भाजपा में हुए शामिल



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद के समक्ष आज यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस विधायक सचिन बिरला ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान मुख्यमंत्री चौहान, प्रदेश अध्यक्ष शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर बिरला का स्वागत किया। विधायक बिरला ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में सरकार की जनहितैषी नीतियों और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी मुझे जो भी दायित्व देगी उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व प्रदेश कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन और प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

# चतरा में शिक्षा मेला एवं सम्मान समारोह का हुआ वृहत्तर आयोजन



**सोनभद्र।** नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खंड चतरा में संकल्प सप्ताह के अंतर्गत शिक्षा मेला एवं सम्मान समारोह का हुआ वृहत्तर आयोजन।

इसके अंतर्गत 17 ब्लॉक के 124 विद्यालयों पर टीएम और विज्ञान मेला का आयोजन किया गया जिसका अवलोकन करने के लिए विद्यालय क्षेत्र के अभिभावकों के साथ-साथ स्थानी निवासियों ने भी मेला का लुत्फ उठाया, आनंदित हुए विह्वलित भाव से और जाना विभिन्न प्रकार की योजनाओं को।विद्यालय और संकुल स्तर पर कराए गए प्रतियोगिता और शिक्षा मेला में 8 हजार 337 छात्रों ने प्रतिभा किया। इस अवसर पर कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें विजेताओं को संकुल स्तर पर लाकर के द्वितीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करवाई।

प्रतियोगिता के विजेताओं को ब्लॉक स्तर पर जिला विशेष शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक और संयुक्त ब्लॉक विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

# डा. महेश शर्मा ने समूहगान प्रतियोगिता "स्वरोत्सव" के आयोजन में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया





नोएडा। रविवार को डा. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्ध नगर व पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ने नोएडा के सेक्टर-12 में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता "स्वरोत्सव" के आयोजन में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। नोएडा स्टेडियम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा में शामिल हुये।

उसके उपरान्त जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नोएडा के विभिन्न सैक्टर एवं सोसाईटी कम्युनिटी सेन्टर सैक्टर 49, गार्डेनिया ग्लोरी सैक्टर 46, उद्योग विहार सैक्टर 82, एसकेए 25, सैक्टर 112, सेन्चुरी अपार्टमेन्ट सैक्टर 100, नोएडा आदि सोसाईटी के लोगों से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। माननीय सासंद जी ने जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय लोगो से संवाद किया और वहां के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपनी सोसाईटी की (सड़क की साफ-सफाई कराना, पार्क में झूला लगाना, सीवर की सफाई कराना, बिजली के तार जर्जर हो चुके है जिसे बदलवाना, पानी की टंकी की लाईन को बदलवाना, कामर्षियल शॉप की व्यवस्था कराना, बारात घर की व्यवस्था कराना, पेट्रोलिंग की व्यवस्था कराना आदि) संबंधित समस्याओं के बारे में सांसद जी को अवगत कराया। माननीय सांसद जी ने कहा कि हम हमेशा आपके साथ है, और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं का समाधान कराने का हर संभव प्रयास करूंगा। इस कार्यक्रम में श्रीमती विमला बाथम अध्यक्ष महिला आयोग उ.प., सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, योगन्द्र शर्मा अध्यक्ष फोनरवा, प्रषान्त त्यागी, विजय भाटी, उमानन्दन कौषिक, ललित भारद्वाज, कुलदीप गुप्ता, अनुज गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, पंकज जिन्दल, केषव गंगल, राजीव अजवानी, प्रताप मेहता, भूपेन्द्र मित्तल, दुर्गेष, सुषील शर्मा, देव दत्त शर्मा, पवन, साधना चौहान, सुषील शर्मा अध्यक्ष, के.के. रैना सचिव, एन.एल सक्सेना, एम.पी. विष्वकर्मा, प्रकाष शर्मा, हरगोविन्द मिश्रा, रमेष पाठक, शरद, सुधीर सक्सेना, आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु भाजपा चलाएगी अभियान




सोनभद्र। भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यालय पर आहूत सभा मे काशी क्षेत्र की अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने महिलाओं के संदर्भगत विषय बिंदुओं के आलोक में आधी आबादी को आरक्षण देने का कानून पास कराने पर रोशनी डालते कहा कि भाजपा ने अब महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई और घोषित कर दी है तथा इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी महिला मोर्चा को सौंपी गई है। बिंदुवार विश्लेषण करते कहा कि रणनीति के तहत 18 अभियान चलाए जाएंगे। पार्टी ने समाज के हर तबके को जोड़ने के लिए क्षेत्र पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। नम्रता ने बताया कि अभियान की शुरुआत 2014 से पहले और बाद का भारत (तुलनात्मक) से होगी। इसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क अभियान, कमजोर जिलों का प्रवास, बोटर चेतना अभियान, सेल्फी विद लॉभार्थी, कमल मित्र अभियान, स्मार्ट महिला सम्मेलन, नए वोटर अभियान, नवयुवती सम्मेलन, नवरात्रि सम्मेलन - कमल सखी सम्मेलन होंगे। प्रत्येक महीने के दो दिन प्रवास में जनसंपर्क अभियान, आंगनबाड़ी स्वच्छता अभियान, एनजीओ एवं एसएचजी संपर्क, वूमेन ट्रैवलर संपर्क, स्पोर्ट्स वूमेन समूह, ट्रांसजेंडर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान में संबंधित वर्ग की अग्रणी भूमिका निभा रहीं महिलाओं व उनके समूह से संपर्क किया जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए हर घर दस्तक देकर घरेलू महिलाओं से भी संपर्क किया जाएगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पासिंह, नगर पालिका अध्यक्ष - चेयरपर्सन रूबी प्रसाद, शारदा खरवार, इशिका पांडेय समेत अनेकश: पदाधिकारी - कार्यकर्ता मौजूद रहीं महिला मण्डल से।

### हमें छेड़ने की कोशिश भारी पड़ेगी : सुधांशु

खरगोन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आज कहा कि इजरायल की तरह हमें छेड़ने की कोशिश भारी पड़ेगी। त्रिवेदी यहां आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा में इजराइल जैसे किसी हमले को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हमने दिखा दिया है कि हमें छेड़ने की कोशिश भारी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोशिश पर बालाकोट भी हुआ है और सर्जिकल स्ट्राइक भी हुयी है। उन्होंने कहा कि अब शांति के कबूतर उड़ाने का जमाना गया। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत देती रहेगी और जनता उन्हें (नरेंद्र मोदी को) मोहब्बत ही वापिस करेगी। उन्होंने राम मंदिर को चुनावी मुद्दा बनाए जाने पर कहा कि भाजपा के लिए राम मंदिर चुनावी मुद्दा क्या राजनीतिक मुद्दा भी नहीं है। राम मंदिर भारत की अस्मिता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने तक नई संसद बन गई। भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था के अलावा जी-20 में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी बन चुका है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि संजय सिंह न केवल सांसद है बल्कि संसदीय दल के नेता भी हैं। पहले मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी हुई और उसके बाद एक स्टेप बढ़कर मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई और अब और आगे बढ़ कर संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई है।

# जिले की चारों तहसीलों में सविधि सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र व सोनञ्चल की चारों तहसीलों में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" आयोजित रहा अक्टूबर के प्रथम शनिवार को। जिलामुख्यालय की तहसील राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सरलभाव से सुगमता सँग सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज निखिल कुमार यादव व तहसीलदार वगैरह की समुपस्थिति रही जहां 69 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 11 मामलें निस्तारित किये गये और 04 टीम को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 15 मामले निस्तारित हुए, बाकी 54 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

जिले के तहसील ओबरा में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी ओबरा प्रभाकर सिंह, तहसीलदार ने 31 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये।

अवशेष 29 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

अब बात करें तहसील दुद्धी की जहां पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह अपर जिलाधिकारी (नमांमि गंगे) आशुतोष दूबे की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, तहसीलदार दुद्धी ने 66 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किये तथा 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरण निस्तारित किया।

इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 60 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### खदान में डूबने से दो बच्चों की मौत

कटनी। मध्यप्रदेश के कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र के करहिया गांव में स्थित एक खदान में नहाने गए दो बच्चों की आज गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों बच्चे खदान के आसपास खेल रहे थे। उसी दौरान पानी से भरी खदान में नीचे उतरकर नहाने लगे और डूबने लगे। साथ खेल रहे बच्चों ने इस पूरे घटना की जानकारी भाग कर गांव में दी। सूचना के बाद लोग खदान की तरफ भागे और बच्चो को निकाला तब तक दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चो को लेकर परिजन कटनी जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# 'माधव कुंज' में मनाई गई भारत रत्न लोकनायक की पुण्यतिथि



**मिर्जापुर।** के. एस. पी. ट्रस्ट द्वारा भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 44वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय लोंहदी रोड स्थित माधव कुंज पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव तथा संचालन ट्रस्टी शिवम श्रीवास्तव द्वारा किया गया। लोकनायक जयप्रकाश के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि वाणिज्य कर के अपर आयुक्त (से. नि.) संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण देश के एक ऐसे महानायक थे जिन्होंने भारतीय राजनीति को बुनियादी रुप से प्रभावित किया तथा राज्यसत्ता को सुधारने का बीड़ा उठाकर सक्रिय राजनीति में लिप्त रहते हुए भी व्यक्तिगत स्तर पर सदैव सत्ता सुख को ठुकराने का कार्य किया। लोकनायक के शब्दों से सच्चे अर्थों में युग की सच्ची वाणी मुखरित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने हर्ष जताते हुए बताया कि पिछले दिनों मिर्जापुर में ट्रस्ट की आयोजित राष्ट्रीय स्तर के विशिष्ट न्यासी समागम में किए गए राष्ट्रीय सवर्ण आयोग की मांग की पहले कड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में कायस्थ वर्ग की स्थिति आंकलन करने, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इस वर्ग को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने तथा पिछड़ेपन को दूर करने के उद्देश्य से कायस्थ कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। अपने उद्बोधन में जल्द ही हम इसे अन्य राज्यों में भी गठित कराने का पुरजोर प्रयास करने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित वरिष्ठ व विशिष्ट जनों के नाम का संस्मरण करते महनीय महत्ता प्रतिपादित करते आज के दौर में भी देश सेवा को समर्पित कायस्थ कुल के मनीषियों समाजसेवियों एवं सदकृत्य करने वाले कुल वँश के अग्रगण्य नामों को रेखांकित किया।

विचार गोष्ठी में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित समस्त आगंतुक जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन जुबिली इंटर कॉलेज के प्रवक्ता ट्रस्टी पंकज श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में उपस्थित ट्रस्टीगणों में मुख्य रूप से डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्रीश कुमार श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव एवं करुणा निधान एवं अन्य ट्रस्टीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयुष्मान भव: स्वास्थ्य मेले का किया निरीक्षण

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर, गैंसडी व पचपेड़वा में आयोजित आयुष्मान भव- स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। सर्व प्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर पहुंच कर मेले कम लाभार्थियों के आने पर नाराजगी व्यक्त किया और अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ सुमंत सिंह चौहान को निर्देशित किया कि मेले में लाभार्थियों की संख्या बढ़ने हेतु रविवार को आयोजित मेलों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। मेले ड्यूटी पर तैनात ऐसे कर्मी जो अनुपस्थित पाए गए उनका स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाय। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कार्रवाई किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी के निरीक्षण में भी लाभार्थियों की कम संख्या होने पर उन्होंने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ अरविंद कुमार को निर्देशित किया कि आशाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से आयुष्मान भव मेलों का प्रचार प्रसार कर आमजन मानस को लाभ दिलाया जाय। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा के निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय भवन व परिसर में व्याप्त गन्दगी व जल जमाव को देख कर नाराजगी जताते हुए अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा डॉ विजय कुमार को निर्देशित किया कि चिकित्सालय परिसर व भवन की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त किया जाय साथ ही रविवार को आयोजित होने वाले मेलों में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने हेतु मेलों का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय।

निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एच एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, दिलीप मौर्या, अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।